पंजाब लोक भवन

# संकल्प

त्रैमासिक पत्रिका

सत्यमेव जयते







अगस्त ' 25 | सितम्बर '25 | अक्टूबर '25



# संदेश

## प्रिय पाठको

संकल्प पत्रिका के छठे संस्करण को प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत संतोष का अनुभव हो रहा है। हाल के समय में पंजाब और यूटी चंडीगढ़ में जनसेवा, सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, खेल, आपदा प्रबंधन, डिजिटल सेवाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय पहलें हुई हैं। यह अंक उन सभी प्रयासों का संतुलित और संवेदनशील प्रतिबिंब है, जो जन-केन्द्रित प्रशासन की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

इस अवधि में स्वास्थ्य और मानवीय सेवा के क्षेत्र में कई प्रेरक कदम उठाए गए। अंगदान को प्रोत्साहित करने, वयोवृद्धों के लिए सेवाएँ बढ़ाने तथा पोषण और सहयोग से जुड़े कार्यक्रमों जैसी पहलों ने करुणा और सेवा की भावना को और सशक्त किया। स्वास्थ्य-जागरूकता कार्यक्रमों ने प्रशासन के मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण को और मजबूती प्रदान की।

सुशासन की दिशा में प्रशासनिक पारदर्शिता, राहत कार्यों में तेजी और जनता दरबार जैसे संवाद-तंत्रों ने नागरिक-विश्वास को मजबूत किया। युवाओं के कौशल विकास, रोजगार और शिक्षा से जुड़ी प्रगति ने नई संभावनाएँ खोलीं, जबकि खेल और डिजिटल सुशासन से जुड़ी उपलब्धियों ने प्रशासन को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाया। क्षेत्रीय संपर्क और व्यापार को गति देने वाली पहलें, तथा स्वच्छता और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम, इस अवधि की विशेष उपलब्धियों में शामिल रहे, जिन्होंने 'स्वच्छ, हरित और श्रेष्ठ चंडीगढ़' के संकल्प को सशक्त किया।

इसी क्रम में हमने "राज भवन" से "लोक भवन" में देशभर में हो रहे परिवर्तन का स्वागत किया। ऐसा नामकरण भारत की लोकतांत्रिक भावना और जनता की भागीदारी की आत्मा को प्रतिबिंबित करता है।

आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समरसता से जुड़े विविध कार्यक्रमों में सहभागिता ने समाज में संतुलन, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा को नई शक्ति दी। यह तिमाही पत्रिका इस विश्वास को दृढ़ करती है कि जब प्रशासन, समाज और नागरिक मिलकर कार्य करें, तो विकास अधिक समावेशी और स्थायी बनता है।

हमारी यह भी कोशिश है कि नये वर्ष 2026 से त्रैमासिक पत्रिका को पंजाबी भाषा में भी प्रकाशित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पाठकों तक इसका संदेश उनकी मातृभाषा में पहुँचे।

आशा है कि संकल्प का यह संस्करण आपको प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा।

**गुलाब चंद कटारिया**
**राज्यपाल, पंजाब एवं प्रशासक यूटी चंडीगढ़**

# 'विकसित भारत-युवा कनेक्ट कार्यक्रम' राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहन

## *राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने कुलपतियों के साथ की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक*

**01 अगस्त 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक कर 'विकसित भारत-युवा कनेक्ट कार्यक्रम' के सफल क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ना और उन्हें "विकसित भारत 2047" के विजन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। बैठक में राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से आग्रह किया कि वे अपने छात्रों का 'माई भारत ऐप' पर पंजीकरण सुनिश्चित करें और वाद-विवाद, युवा संसद, पोस्टर प्रतियोगिता, नवाचार और सामुदायिक सेवा जैसी गतिविधियों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें।

राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति, कौशल विकास, और स्टार्टअप्स के प्रोत्साहन की दिशा में विश्वविद्यालयों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल ज्ञान के केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय चेतना के प्रेरक स्थल हैं। बैठक में उपस्थित कुलपतियों ने बताया कि 'विकसित भारत-युवा कनेक्ट कार्यक्रम' की तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं और विश्वविद्यालयों में युवाओं को जोड़ने के लिए विविध रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 12 अगस्त, अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर देशभर के युवाओं से संवाद किया, जिसमें उन्होंने युवाओं से राष्ट्र के विकास अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।



"भारत के युवा हमारे भविष्य के शिल्पकार हैं — उनमें असीम ऊर्जा, प्रतिभा और परिवर्तन की क्षमता निहित है। उन्हें केवल अवसर और मार्गदर्शन की आवश्यकता है।"

- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -

# राज्यपाल से पंजाब राजभवन में इज़राइल के राजदूत ने की शिष्टाचार भेंट

*द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों पर हुई सार्थक चर्चा*

**07 अगस्त 2025**



पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से भारत में इज़राइल के राजदूत श्री रूवेन अज़ार ने पंजाब राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट भारत-इज़राइल संबंधों की मजबूत होती साझेदारी और आपसी विश्वास की अभिव्यक्ति रही।

इस अवसर पर दोनों के बीच शिक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, नवाचार और प्रौद्योगिकी सहयोग जैसे विविध क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि भारत और इज़राइल के बीच संबंध केवल कूटनीतिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये ज्ञान, नवाचार और मानव विकास की साझी प्रतिबद्धता पर आधारित हैं।

**"ऐसे संवाद आपसी समझ और विकास को नई दिशा देते हैं। भारत और इज़राइल दोनों ही राष्ट्र आत्मनिर्भरता, अनुसंधान और तकनीकी उत्कृष्टता के माध्यम से मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

राज्यपाल ने कृषि क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई, जल-संरक्षण तकनीकों और स्मार्ट फार्मिंग मॉडल जैसे इज़राइली अनुभवों की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब जैसे कृषि प्रधान राज्य में इन नवाचारों का उपयोग किसानों के हित में प्रभावी सिद्ध हो सकता है।

राजदूत श्री रूवेन अज़ार ने भारत में तेज़ी से हो रहे परिवर्तन और विकास की दिशा की प्रशंसा की और भारत-इज़राइल साझेदारी को और गहरा करने की इच्छा व्यक्त की।

यह भेंट दोनों देशों के बीच सौहार्द, सहयोग और प्रगति की साझा भावना को और सुदृढ़ करने का प्रतीक रही।



# पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा अकादमिक भवन का लोकार्पण

## *राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया भी कार्यक्रम में रहे उपस्थित*

**08 अगस्त 2025**

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद का स्वागत किया। इसके पश्चात राज्यपाल एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति ने मोहाली स्थित प्लाक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में 'भारती अकादमिक भवन' का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

राज्यपाल श्री कटारिया ने इस अवसर को शिक्षा जगत के लिए गौरवपूर्ण बताया और कहा कि यह भवन ज्ञान, अनुसंधान और सृजनशीलता का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने नई पीढ़ी में ज्ञान, नैतिकता और राष्ट्रभावना के समन्वय को सच्ची शिक्षा का आधार बताया। कार्यक्रम में कुलपति, शिक्षाविद्, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।









# राज्यपाल ने जी.एम.सी.एच., सेक्टर-32 में नवनिर्मित इमरजेंसी एवं ट्रॉमा ब्लॉक का किया उद्घाटन

**08 अगस्त 2025**



**"यह नयी सुविधा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाएगी और गंभीर रोगियों के जीवनरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।"**
**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जी.एम.सी.एच.), सेक्टर-32, यूटी चंडीगढ़ में नवनिर्मित इमरजेंसी एवं ट्रॉमा ब्लॉक का औपचारिक उद्घाटन किया।

यह अत्याधुनिक भवन दो बेसमेंट और तीन मंजिलों में निर्मित है, जिसमें ट्रायेज क्षेत्र, सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, शल्य एवं औषधि वार्ड, तथा एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई और ब्लड इन्वेस्टिगेशन जैसी सभी उन्नत चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

उन्होंने अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इस परियोजना के लिए बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा का सशक्त तंत्र ही समाज के समग्र विकास की नींव है। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक, प्रशासक अधिकारी, छात्र-छात्राएँ और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जी.एम.सी.एच.-32 का 11वां दीक्षांत समारोह

## *राज्यपाल ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान*

**08 अगस्त 2025**




सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जी.एम.सी.एच.), सेक्टर-32, चंडीगढ़ में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची साधना है। उन्होंने कहा "डॉक्टर केवल रोग नहीं मिटाते, वे जीवन में आशा का संचार करते हैं। यह सेवा ही सबसे बड़ी साधना है।" उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्ञान, करुणा और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाएं और अपने संस्थान का गौरव बढ़ाएँ। राज्यपाल ने संस्थान के प्राचार्य, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता और नवाचार को सुदृढ़ बनाने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, अभिभावक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 'हर घर तिरंगा'

## राष्ट्रप्रेम, एकता और गौरव का प्रतीक

*राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया का प्रेरणादायी उद्बोधन*

**14 अगस्त 2025**







पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने टैगोर थिएटर, सेक्टर 18, चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। यह आयोजन चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति की भावना को समर्पित रूप में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर राज्यपाल ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम, एकता और भारतीय संस्कृति के गौरव को नमन करें। राज्यपाल ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान न केवल देशभक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह भारत की अखंडता और एकता का जीवंत संदेश भी है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को प्रेरित किया कि वे इस अभियान को लोक-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं, जिससे हर हृदय में राष्ट्रभाव और गर्व की भावना प्रबल हो।









**"तिरंगे की शान में निहित है हमारे पूर्वजों का बलिदान और हमारी एकता की पहचान।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# ‘नृत्यांजलि’ सांस्कृतिक संध्या

## *देशभक्ति और भारतीय संस्कृति का भव्य संगम*

**14 अगस्त 2025**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ देशभक्ति और भारतीय संस्कृति के रंगों से आलोकित हो उठा, जब ‘नृत्यांजलि’ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्यपाल महोदय ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारतीय संस्कृति की विविधता, एकता और राष्ट्रीय गौरव की सजीव झलक प्रस्तुत करते हैं।

संध्या में ‘भारत देश महान है’ सहित शास्त्रीय नृत्य, कथक, लोकनृत्य, गिद्दा और भांगड़ा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को देशभक्ति के उल्लास से भर दिया। विशेष आकर्षण रहा चंडीगढ़ स्पाइनल रिहैब के कलाकारों का प्रदर्शन, जिसने सभी उपस्थितजनों के हृदय को छू लिया और प्रेरणादायी संदेश दिया कि सच्ची कला आत्मबल और संकल्प का प्रतीक होती है।

> **“स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि यह उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और देशभक्ति को नमन करने का पावन अवसर है।**
> **- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -”**







# 79वां स्वतंत्रता दिवस
# स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रगौरव का उत्सव

*राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने परेड ग्राउंड, चंडीगढ़ में फहराया तिरंगा*

**15 अगस्त 2025**

परेड ग्राउंड, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह, सम्मान और देशभक्ति के साथ मनाया गया। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इससे पूर्व उन्होंने बोगनविलिया गार्डन स्थित वार मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने देशवासियों, विशेष रूप से पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल ने महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, शहीद भगत सिंह, लाला लाजपत राय, उधम सिंह, करतार सिंह सराभा सहित देश के महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ संकल्पित राष्ट्र है। हाल में संपन्न ऑपरेशन 'सिंदूर' और 'महादेव' जैसी सैन्य कार्रवाइयाँ हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, निष्ठा और स्वाभिमान के प्रतीक हैं।

चंडीगढ़ प्रशासन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शहर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शासन, कानून व्यवस्था और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने नई आपराधिक न्याय प्रणाली, बिजली सुधार, ई-गवर्नेंस, स्वच्छता, और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

राज्यपाल ने पंजाब सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं – निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा सुधार, बिजली सब्सिडी और खेलों के प्रोत्साहन – की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जनजवाबदेही ही सुशासन की वास्तविक नींव हैं।

**"हमें ऐसा भारत बनाना है जहाँ केवल ऊँची इमारतें ही नहीं, बल्कि ऊँचे आदर्श भी हों; जहाँ विकास सर्वसमावेशी हो और हर नागरिक का कर्म देशप्रेम से प्रेरित हो।"**
**– राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया –**




चण्डीगढ़ प्रशासन
CHANDIGARH ADMINISTRATION













# राजभवन में 'एट होम' समारोह
# स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गौरव का उत्सव

*राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ*

**15 अगस्त 2025**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ में पारंपरिक 'एट होम' समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अतिथियों का स्वागत किया और स्वतंत्रता, एकता तथा राष्ट्रगौरव की भावना से परिपूर्ण इस समारोह को गरिमामय बनाया।

राज्यपाल का औपचारिक स्वागत पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान के साथ किया गया। तिरंगे के रंगों से सजे परिसर ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और उत्सव की भावना से आलोकित कर दिया।राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों – पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, सांसदों, मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, कुलपतियों, पत्रकारों, चिकित्सकों, उद्योगपतियों और गणमान्य नागरिकों – से आत्मीय भेंट की और उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।राज्यपाल ने कहा कि राजभवन सदैव जनसेवा, संवाद और सकारात्मक परिवर्तन का केंद्र रहा है। समारोह में उपस्थित अतिथियों के सौहार्दपूर्ण संवाद और राष्ट्रनिर्माण की प्रतिबद्धता ने इस आयोजन को अर्थपूर्ण बना दिया।



"स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का दिन है। हमें संविधान की मर्यादा, लोकतांत्रिक मूल्यों और 'विविधता में एकता' की भावना को सदैव बनाए रखना है।"

- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -



# राज्यपाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएँ

*"भगवान श्री कृष्ण के आदर्श मानवता को सदैव दिशा देते रहेंगे": राज्यपाल*

**16 अगस्त 2025**



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री चैतन्य गुड़िया मठ, सेक्टर-20बी, चंडीगढ़ में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर उनके साथ धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया एवं परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन सत्य, धर्म और कर्तव्यनिष्ठा की अमर प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में भक्ति, संगीत और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। भक्तों ने भजन, कीर्तन और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। मठ प्रबंधन समिति द्वारा राज्यपाल एवं उनके परिवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर को राज्यपाल ने अत्यंत भावनात्मक बताते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए समाज और श्रद्धा, दोनों से जुड़ने का एक स्नेहपूर्ण क्षण है।

समारोह के अंत में राज्यपाल ने यह मंगलकामना की –"भगवान श्री कृष्ण की कृपा से समाज में प्रेम, सद्भाव और नैतिकता की ज्योति सदैव प्रज्वलित रहे। प्रत्येक नागरिक अपने कर्म और आचरण से राष्ट्र को सशक्त, समरस और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर करे।"

**"भगवान श्री कृष्ण ने हमें कर्मयोग का जो संदेश दिया, वह आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक है। जब हम अपने कर्तव्यों को निस्वार्थ भाव और समर्पण से निभाते हैं, तभी जीवन सार्थक बनता है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'कोसगाइनी 25 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का किया शुभारंभ

*महिला स्वास्थ्य को समर्पित वैश्विक विमर्श में राज्यपाल ने चिकित्सा अनुसंधान और सामाजिक जागरूकता पर दिया बल*

**19 अगस्त 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने यूटी चंडीगढ़ में आयोजित 'कोसगाइनी 25 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन 'इंडियन सोसाइटी ऑफ एस्थेटिक एंड रीजनरेटिव गायनेकोलॉजी, वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ लिम्ब साल्वेज तथा मोहाली ओ.बी.एस. GYNE सोसाइटी' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। अपने प्रेरक संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान का विकास तभी सार्थक है जब उसका केंद्र मानवता की सेवा हो। राज्यपाल ने चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसंधान, समर्पण और सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन विचारों के आदान-प्रदान के साथ-साथ नई खोजों और तकनीकों को भी गति देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन स्त्री स्वास्थ्य और पुनर्जनन चिकित्सा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। राज्यपाल ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि चिकित्सा जगत में समर्पण, नैतिकता और करुणा ही सच्ची सफलता के आधार हैं।

सम्मेलन में देश-विदेश से आए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और चिकित्सकों ने भाग लिया। महिला स्वास्थ्य, नवाचार और पुनर्जनन चिकित्सा पर हुई चर्चाओं ने कार्यक्रम को सार्थक और प्रेरणादायी बनाया।




**"महिला स्वास्थ्य केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि समाज की प्रगति का मापदंड है। जब नारी स्वस्थ होती है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र सभी सशक्त होते हैं।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**



# राज्यपाल द्वारा पटियाला में विशेष बच्चों के लिए "डार्क रूम लैब" समर्पित

**19 अगस्त 2025**



पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने वाणी स्कूल, पटियाला में विशेष बच्चों के लिए स्थापित "डार्क रूम लैब" का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक सुविधा 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित हुई है, जिसका योगदान पूर्व राज्यपाल श्री बनवारी लाल पुरोहित द्वारा किया गया। राज्यपाल ने अपने भावनापूर्ण संबोधन में कहा कि यह उद्घाटन केवल एक भवन का नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य के नए अध्याय का प्रतीक है।

श्री कटारिया ने इस पहल को समाज की मानवीयता और समावेशिता का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगात्मक "डार्क रूम" बच्चों की एकाग्रता, समन्वय और मानसिक विकास में सहायक सिद्ध होगा, जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगे। राज्यपाल ने पंजाब राज्य बाल कल्याण परिषद और अनहद फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान समाज में संवेदना और सहयोग की भावना को सशक्त बनाते हैं। बच्चों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा – "आपमें अपार प्रतिभा और असीम संभावनाएँ हैं। आपकी मुस्कान में ही भारत का भविष्य झलकता है। आइए, हम सब मिलकर आपके सपनों को साकार करने के इस अभियान से जुड़ें।" कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक, शिक्षक और समाजसेवियों ने राज्यपाल के प्रेरणादायी संदेश का स्वागत करते हुए विशेष बच्चों की प्रगति के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।










"विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को दया नहीं, बल्कि समान अवसर और सशक्त मंच चाहिए, ताकि वे अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दे सकें।"

– राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया –

# राज्यपाल का संस्कृत विचार सेमिनार में प्रेरक संदेश

*"संस्कृत हमारी संस्कृति, चेतना और भविष्य की आधारशिला है"*

**19 अगस्त 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला में संस्कृत भारती, पंजाब द्वारा आयोजित संस्कृत विचार सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, दर्शन और परंपरा की आत्मा है ; वेदों, उपनिषदों और गीता की दिव्य वाणी है। राज्यपाल ने कहा कि पंजाब की यह पुण्यभूमि, जहाँ से वैदिक संस्कृति और ऋषि परंपरा का प्रवाह हुआ, संस्कृत के उद्गम की साक्षी रही है। उन्होंने संस्कृत भारती के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन ने संस्कृत को जन-जन तक पहुँचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है – लाखों लोगों को संस्कृत बोलना सिखाना और इसे विश्वभर में प्रचारित करना सेवा और समर्पण का श्रेष्ठ उदाहरण है। राज्यपाल ने संस्कृत के पुनर्जागरण के लिए चल रहे प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि आज सरकार द्वारा पांडुलिपियों के संरक्षण, विद्वानों के सम्मान और भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन के अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन का स्वागत करते हुए कहा कि हमें संस्कृत को रोजगार, शिक्षा और आधुनिक जीवन से जोड़ना होगा ताकि यह भाषा युगानुकूल और जीवंत बनी रहे। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने अपने विचारों को इन शब्दों में संक्षेपित किया "संस्कृत हमारी जननी है, संस्कृत हमारी चेतना है, और संस्कृत हमारे उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।"








# "जनता की आवाज़ ही प्रशासन की दिशा है" — राज्यपाल

*सीधा संवाद, त्वरित समाधान: राज्यपाल की जनसेवा पहल सुशासन का सशक्त उदाहरण*

**20 अगस्त 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने यूटी सचिवालय में नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं। विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी बातें राज्यपाल के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ विचार किया। जहाँ आवश्यक था, वहीं उपस्थित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल को वह निरंतर जारी रखेंगे, ताकि हर नागरिक को यह विश्वास रहे कि उसकी बात सर्वोच्च स्तर तक पहुँचेगी और गंभीरता से सुनी जाएगी। इस संवादमूलक पहल ने नागरिकों के बीच विश्वास और पारदर्शिता का वातावरण सुदृढ़ किया है। राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि राजभवन सदैव जनता के कल्याण और प्रशासनिक उत्तरदायित्व को सर्वोपरि रखेगा।





# सौर ऊर्जा और जल संरक्षण: हरित भविष्य की ओर सशक्त कदम

*राज्यपाल ने बीबीएमबी गेस्ट हाउस में सौर ऊर्जा संयंत्र व वर्षा जल संचयन का किया उद्घाटन*

**20 अगस्त 2025**

पर्यावरण संरक्षण और सतत ऊर्जा उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने यूटी चंडीगढ़ के सेक्टर-35 B स्थित भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (BBMB) के वीवीआईपी गेस्ट हाउस में 55 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र एवं वर्षा जल संचयन प्रणाली का उद्घाटन किया।



राज्यपाल ने बीबीएमबी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। इस सौर संयंत्र से प्रतिवर्ष लगभग 77,000 यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी, वहीं वर्षा जल संचयन प्रणाली भूजल पुनर्भरण में सहायक होगी। राज्यपाल ने कहा कि ऐसी पहलों से न केवल सरकारी संस्थानों में ऊर्जा दक्षता को बल मिलेगा, बल्कि समाज में पर्यावरण-जागरूकता की नई प्रेरणा भी उत्पन्न होगी – "प्रकृति के साथ संतुलन ही विकास की सबसे सुंदर परिभाषा है।"

# CII स्टार्टअप कॉन्क्लेव में राज्यपाल ने युवाओं को नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने का किया आह्वान

**21 अगस्त 2025**

चंडीगढ़ स्थित CII नॉर्थर्न रीजन मुख्यालय में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह आयोजन नवोद्यमियों, निवेशकों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों का प्रेरक संगम रहा, जो चंडीगढ़ की बढ़ती नवाचार संस्कृति और उद्यमशील भावना का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन की स्टार्टअप नीति इस दिशा में एक दूरदर्शी पहल है, जो युवाओं को अवसर, सहयोग और प्रोत्साहन का सशक्त मंच प्रदान कर रही है। राज्यपाल ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने नवाचारों को समाज की वास्तविक आवश्यकताओं–जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, कृषि सुधार और शहरी प्रबंधन–से जोड़ें।

राज्यपाल ने कहा कि 'विकसित भारत @2047' का सपना तभी साकार होगा जब युवा अपनी सृजनशीलता को राष्ट्र-निर्माण के साथ जोड़ेंगे। "युवा मन में नवाचार की ज्योति और सेवा का भाव हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता।"

**"भारत आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। 'आत्मनिर्भर भारत', 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने युवाओं में आत्मविश्वास और सृजनशीलता की नई चेतना जगाई है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**



# एजूप्रन्योर कॉनक्लेव में राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति

## शिक्षा में नवाचार, गुणवत्ता और समर्पण को मिला मंच



**टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एजूप्रन्योर कॉनक्लेव में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़, प्रशासक श्री गुलाब चंद्र कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस कार्यक्रम में ट्राईसिटी क्षेत्र के शिक्षकों, शिक्षा संस्थानों और अकादमिक नेतृत्वकर्ताओं को सम्मानित किया गया।**

## 17 संस्थानों को मिला सम्मान

राज्यपाल ने कार्यक्रम के दौरान 17 शिक्षण संस्थानों को सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों ने शिक्षा में नए मानदंड स्थापित किए और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा दी।

# एनईपी 2020 और समावेशी शिक्षा पर राज्यपाल का विशेष बल



## शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन पर जोर

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक परिवर्तन का माध्यम रही। उन्होंने शिक्षकों और प्राचार्यों को राष्ट्र निर्माता बताया, जिन्होंने विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नैतिकता और सृजनशीलता के गुण विकसित किए।

## एनईपी 2020 की दृष्टि

राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शिक्षा सुधारों की एक दूरदर्शी पहल बताया, जो रटने की बजाय समझ, नवाचार और बहुविषयक शिक्षा पर आधारित रही। उन्होंने सभी शिक्षकों से इसके प्रभावी क्रियान्वयन की अपील की।

## समावेशी शिक्षा की दिशा में कदम

राज्यपाल ने बताया कि चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने हाल ही में डिफरेंटली एबल्ड छात्रों के लिए शिक्षा नीति लागू की, जिसका उद्देश्य विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को समान अवसर और सहयोगी वातावरण प्रदान करना रहा।

## ट्राईसिटी का उभरता शिक्षा केंद्र

राज्यपाल ने यह भी कहा कि ट्राईसिटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा और यहाँ के विद्यार्थी देश-विदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे। उन्होंने एजूप्रन्योर्स की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी नवाचार और मूल्यों को प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी।

# "सामूहिक प्रयासों से बनेगा सशक्त और नशा-मुक्त पंजाब"

## *'आइकॉनिक लीडरशिप 2025' कार्यक्रम में राज्यपाल ने विकास, कृषि और सामाजिक सुधार के लिए एकजुट पहल का किया आह्वान*

**21 अगस्त 2025**

चंडीगढ़ स्थित हयात होटल में आयोजित 'आइकॉनिक लीडरशिप 2025' कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। 'ज़ी मीडिया' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विकास, नशा-मुक्ति, जल-साझाकरण और कृषि उद्योग के सुदृढ़ीकरण पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। राज्यपाल ने कहा कि समाज, प्रशासन और उद्योग जगत के सामूहिक प्रयासों से ही एक सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर पंजाब का निर्माण संभव है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया और कहा कि ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक हैं। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक सहयोग और सतत विकास की भावना से पंजाब प्रगति की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेगा।

**"नशा-मुक्त समाज और सशक्त युवा ही किसी राज्य के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी हैं।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**







# राज्यपाल ने होमी भाभा कैंसर अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का किया शुभारंभ

## स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार का अभिनव अध्याय, रोगी-कल्याण के लिए सशक्त पहल

**23 अगस्त 2025**

होमी भाभा कैंसर अस्पताल, पंजाब में आयोजित 'HBCC 2025' के दूसरे दिन पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अत्याधुनिक रोबोटिक-असिस्टेड कैंसर सर्जरी सुविधा का शुभारंभ किया। यह नवीन तकनीक कैंसर उपचार को अधिक सटीक, सुरक्षित और रोगी-केंद्रित बनाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में दक्षता और परिणामशीलता का नया मानक स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत को कैंसर उपचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर करेगी। राज्यपाल ने चिकित्सा समुदाय के समर्पण और निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहलें "विकसित भारत @2047" की संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रेरणादायक हैं।





"स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी नवाचार केवल चिकित्सा का विस्तार नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का आधुनिक स्वरूप है। स्वस्थ समाज ही समृद्ध भारत का आधार बन सकता है।"

\- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -

# स्वस्थ भारत की ओर कदम

## राज्यपाल ने मोहाली में 'ईट राइट वॉकाथॉन एवं मेलें' का किया शुभारंभ

**23 अगस्त 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, मोहाली में आयोजित 'ईट राइट वॉकाथॉन एवं मेलें' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए राज्यपाल ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और संतुलित पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में नागरिकों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने इस अभियान को समाज में स्वास्थ्य चेतना जगाने की दिशा में एक सार्थक पहल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को अपने दैनिक जीवन में पोषण और फिटनेस को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करते हैं।



**"संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम ही दीर्घायु और सुखद जीवन के तीन स्तंभ हैं। स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# चिकित्सा सेवा ही मानवता का सर्वोच्च स्वरूप : राज्यपाल

## *'द ट्रिब्यून हेल्थकेयर अवार्ड्स 2025' में राज्यपाल का ऑनलाइन संबोधन*

**24 अगस्त 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'द ट्रिब्यून हेल्थकेयर अवार्ड्स 2025' में ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित होकर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं संस्थानों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

राज्यपाल ने कहा – "स्वास्थ्य सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि यह मानवता की सेवा का सर्वोच्च रूप है। जो व्यक्ति रोगियों के दुख को अपना मानकर सेवा करते हैं, वे समाज में सच्चे देवदूत के समान हैं।" उन्होंने कोविड काल सहित विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों के समय चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण को मानवता का प्रेरणास्रोत बताया। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा सेवा की यह भावना राष्ट्र के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अमूल्य योगदान दे रही है। उन्होंने 'द ट्रिब्यून' समूह द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्टता को सम्मानित करने की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, करुणा और समर्पण की भावना को और प्रबल बनाते हैं।





# राज्यपाल ने यूटी चंडीगढ़ प्रीमियर लीग 2025 का किया शुभारंभ

*CPL 2025 की ट्रॉफी का अनावरण कर खिलाड़ियों में भरा उत्साह और नई ऊर्जा*

**26 अगस्त 2025**







पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ प्रीमियर लीग (CPL 2025) का शुभारंभ किया तथा प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण किया। यह आयोजन शहर के खेल संस्कृति को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक प्रेरक पहल है। राज्यपाल ने खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता का माध्यम हैं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास भी करते हैं। राज्यपाल ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि चंडीगढ़ प्रीमियर लीग युवाओं में खेल भावना और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और सशक्त बनाएगी।

**"खेल हमें यह सिखाते हैं कि प्रतिस्पर्धा में भी सहयोग और सम्मान बनाए रखना ही सच्ची सफलता है। यही भाव एक सशक्त और समरस समाज की नींव रखता है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**



# राज्यपाल ने आशा किरण व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति कार्यों की समीक्षा

*प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों से सशक्त होगा समाज का प्रत्येक वर्ग*

**26 अगस्त 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-46 स्थित आशा किरण व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (VTC) के कार्यों और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, गतिविधियों और उनके सामाजिक प्रभाव का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वंचित वर्गों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा निर्देश दिए कि एनएसडीसी-प्रमाणित पाठ्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इनसे लाभान्वित हो सकें। राज्यपाल ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण की क्षमता में वृद्धि कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएँ, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त हों और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। बैठक में मुख्य सचिव (प्रभारी) श्री मंदीप सिंह बराड़, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री विवेक प्रताप सिंह, सचिव समाज कल्याण श्रीमती अनुराधा चगती तथा निदेशक समाज कल्याण श्रीमती पालिका अरोड़ा उपस्थित रहीं।

**व्यावसायिक कौशल विकास ही आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण का सशक्त आधार है। जब प्रत्येक नागरिक को अपने कौशल के अनुरूप अवसर मिलते हैं, तभी समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**



# राज्यपाल ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएँ

## नागरिक-संतुष्टि ही सुशासन का मूल उद्देश्य, राज्यपाल ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**27 अगस्त 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने यूटी सचिवालय में जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें और सुझाव राज्यपाल के समक्ष रखे। राज्यपाल प्रत्येक आवेदन को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे, ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा – "शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की संतुष्टि है। शिकायत निवारण में देरी या लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।"

राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जन-हित के मुद्दों पर संवेदनशीलता, तत्परता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें, जिससे प्रत्येक नागरिक को यह विश्वास हो कि प्रशासन सदैव उसकी सेवा में तत्पर है।







# राज्यपाल ने ओलंपिक विजेता श्री अभिनव बिंद्रा से की चर्चा

## प्रतिभा संवर्धन और खेल-संरचना के विकास पर केंद्रित रही बैठक

**27 अगस्त 2025**

जनसुनवाई से पूर्व पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता श्री अभिनव बिंद्रा से भेंट कर खेल और शिक्षा के क्षेत्र में चल रही पहलों पर विस्तृत चर्चा की।



बैठक के दौरान चंडीगढ़ प्रशासन और अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के बीच हुए समझौता ज्ञापन (MoU) की प्रगति की राज्यपाल द्वारा समीक्षा की गई। राज्यपाल ने फाउंडेशन द्वारा खेल प्रशिक्षण, मानसिक दृढ़ता और तकनीकी सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग चंडीगढ़ को एक अग्रणी खेल केंद्र के रूप में विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा तथा युवाओं को उत्कृष्ट प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

# राज्यपाल ने 'बुद्ध पीस अवार्ड एवं गौरव श्री सम्मान 2025' में सम्मानितों को दी शुभकामनाएँ

*निस्वार्थ सेवा और समाज सुधार ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : राज्यपाल*

**27 अगस्त 2025**

ज़ीरकपुर (पंजाब) में 'मैत्री पीस फाउंडेशन' द्वारा आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध पीस अवार्ड एवं गौरव श्री सम्मान 2025' समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में समाज कल्याण, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लगभग 30 विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। उन्होंने 'मैत्री पीस फाउंडेशन' के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में शांति, सद्भाव और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा भारत की संस्कृति के मूल संदेश वसुधैव कुटुम्बकम् को पुष्ट करते हैं।







"निस्वार्थ सेवा, समर्पण और समाज सुधार के प्रति प्रतिबद्धता ही समाज की सच्ची प्रेरणा है। ऐसे व्यक्तित्व हमारे राष्ट्र की नैतिक शक्ति और मानवता के जीवंत प्रतीक हैं।"

– राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया –



# राज्यपाल ने NMIMS चंडीगढ़ के दीक्षांत समारोह में छात्रों को किया संबोधित

*'विकसित भारत 2047' के निर्माण में युवाओं की प्रतिभा और समर्पण को किया सम्मानित*

**28 अगस्त 2025**

NMIMS विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ कैंपस के प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया, जिसमें बी.कॉम और बी.बी.ए. के 44 स्नातकों को उपाधियाँ प्रदान की गईं। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नवस्नातकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उनके परिश्रम एवं उपलब्धियों की सराहना की।

उन्होंने नवस्नातकों को प्रेरित किया कि वे केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रहें, बल्कि अपने कर्म और नवाचार से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और प्रशासन को भी उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन और योगदान के लिए बधाई दी।






**"छात्रों की ऊर्जा, परिश्रम और समर्पण ही 'विकसित भारत 2047' की नींव है। युवा अपने ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों से समाज और राष्ट्र की प्रगति में अमूल्य योगदान दे सकते हैं।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**



# राज्यपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से की महत्वपूर्ण मुलाकात

## *125 करोड़ रुपये अनुदान पर जताया आभार, पंजाब की बाढ़ स्थिति और राहत कार्यों पर हुई सार्थक चर्चा*

**29 अगस्त 2025**

गुवाहाटी (असम) में अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से कोइनाधारा गेस्ट हाउस में भेंट की। राज्यपाल ने यूटी चंडीगढ़ नगर निगम के लिए हाल ही में स्वीकृत 125 करोड़ रुपये की अनुदान राशि के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि यह निधि शहर के बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को और सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी। भेंट के दौरान पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति और भविष्य की आवश्यकताओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त, राज्यपाल ने गुवाहाटी स्थित असम राजभवन के नव-निर्मित 'ब्रह्मपुत्र विंग' के लोकार्पण समारोह में भाग लिया, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री ने किया। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय विकास, जनसेवा और आपदा प्रबंधन के महत्व पर गहन संवाद किया, जिससे नागरिक कल्याण और प्रशासनिक तत्परता की दिशा में नए अवसर सृजित होंगे।



# डी.सी.एम. ग्रुप ऑफ स्कूल्स के 80वें वर्षगांठ पर 'ऐत्सव' का प्रेरक आयोजन

## *आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस और उद्यमिता के माध्यम से युवा सृजनशीलता का प्रोत्साहन, विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम – राज्यपाल*

**30 अगस्त 2025**

डी.सी.एम. ग्रुप ऑफ स्कूल्स, पटियाला में आयोजित 80वीं वर्षगांठ समारोह 'ऐत्सव (AI उत्सव)' में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की और अपने गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह आयोजन शिक्षा, नवाचार और तकनीकी प्रगति का प्रेरक संगम रहा, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, उद्यमिता और सृजनात्मक सोच के माध्यम से सशक्त बनाना था, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का समाधान स्वयं विकसित कर सकें।

राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा, "नई पीढ़ी द्वारा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस और उद्यमिता के क्षेत्र में किया गया योगदान केवल तकनीकी प्रगति का परिचायक नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण में उनका सार्थक योगदान है।"

उन्होंने इस अवसर पर युवा मस्तिष्कों की रचनात्मकता, अनुसंधान और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में छात्रों द्वारा प्रदर्शित आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट्स, रोबोटिक्स और नवाचार प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को उत्साहित किया। राज्यपाल ने आयोजकों और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें केवल शिक्षा का विस्तार नहीं करतीं, बल्कि भविष्य के चिंतक और उद्यमियों को प्रेरित करती हैं।

समारोह का समापन युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और तकनीकी नवाचार की दिशा में निरंतर प्रयास करने के संदेश के साथ हुआ, जिससे स्कूल और समाज दोनों में सृजनशीलता और आत्मनिर्भरता की भावना प्रबल हो।



**"शिक्षा केवल ज्ञान का भंडार नहीं, बल्कि नवाचार, साहस और समाज सेवा के लिए अवसर भी प्रदान करती है। युवा हमारी झ्रशक्ति हैं, और उन्हें सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है।"**

**– राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया –**





# AICMA के चौथे अवार्ड समारोह में राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति

## साइकिल को बताया स्वास्थ्य, पर्यावरण और सतत विकास का प्रतीक; नवाचारी उद्योगपतियों और स्टार्टअप्स को किया प्रोत्साहित

**30 अगस्त 2025**

लुधियाना में आयोजित ऑल इंडिया साइकिल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (AICMA) के चौथे अवार्ड समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। यह समारोह साइकिल उद्योग, नवाचार और सतत विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक बना, जिसमें देशभर के उद्योगपतियों, उद्यमियों और युवा स्टार्टअप्स ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सम्मानित किए गए उद्योगपतियों और नवाचारी स्टार्टअप्स की उपलब्धियों को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से न केवल उद्योग को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि युवाओं में रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित होती है।

समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा, जहाँ प्रतिभाओं और नवाचारों का सम्मान किया गया, और इस क्षेत्र में निरंतर प्रगति की दिशा में प्रेरणा दी गई।




**"सतत विकास तभी संभव है जब हम पारंपरिक और नवाचारी सोच को एक साथ लाएँ। युवा शक्ति, तकनीकी नवाचार और उद्योग का सहयोग इस दिशा में मजबूत आधार प्रदान करता है।"**

**— राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया —**

# लुधियाना महिला जेल में सुधार और संवेदनशीलता का अवलोकन राज्यपाल ने बंदियों से किया संवाद

## स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण में सुधार के माध्यम से न्याय व्यवस्था को बताया संवेदनशील और सशक्त

**31 अगस्त 2025**





पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने लुधियाना स्थित महिला केंद्रीय जेल का दौरा कर वहाँ की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से बातचीत करते हुए उनकी आवश्यकताओं, स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन की गुणवत्ता, कानूनी सहायता, पुस्तकालय और व्यावसायिक प्रशिक्षण इकाइयों की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया। राज्यपाल ने कहा, मानवता और पुनर्वास की भावना से संचालित प्रयास ही सुधारात्मक न्याय व्यवस्था को संवेदनशील और प्रभावी बनाते हैं। हर महिला को समान अवसर और सम्मान मिलना न्याय की आधारशिला है। उन्होंने जेल प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि बंदियों के सशक्तिकरण और पुनर्वास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम और सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।



**"समाज की सुरक्षा और सुधार तभी संभव है जब हम बंदियों को पुनः सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के अवसर प्रदान करें।"**

**— राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया —**

# जैन स्थानक में राज्यपाल का आचमन

*अहिंसा और शांति के संदेशों को किया नमन*

**31 अगस्त 2025**



**"अहिंसा और शांति केवल व्यक्तिगत सिद्धांत नहीं, बल्कि समाज को समरस और सशक्त बनाने का मार्ग हैं।"**
**— राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया —**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने लुधियाना स्थित जैन स्थानक का भ्रमण कर आचमन और प्रार्थना सभा में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने अहिंसा, सत्य, करुणा और आत्म-संयम जैसे जैन धर्म के शाश्वत संदेशों को नमन करते हुए कहा कि इन सिद्धांतों में निहित जीवन दर्शन मानवता को सच्चे अर्थों में शांति और समरसता की दिशा प्रदान करता है।

राज्यपाल ने कहा, "जैन धर्म का संदेश केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सहिष्णुता, शांति और मानवीय मूल्य बनाए रखने की प्रेरणा देता है। हम अपने आचरण और व्यवहार से इन मूल्यों को जीवंत बनाए रखें।"

उन्होंने मंदिर प्रबंधन और उपस्थित श्रद्धालुओं को ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व की सराहना की, जो समाज में नैतिकता, संयम और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करते हैं।



# राज्यपाल ने तरनतारन और फिरोजपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

*प्रभावित परिवारों और फसलों के संरक्षण हेतु त्वरित राहत कार्यों और स्थायी समाधान की दिशा में दिए निर्देश*

**02 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने तरनतारन जिले के हरीके हेडवर्क्स और सतलुज नदी पुल से बाढ़ की स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को लोगों और पशुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, कमजोर बाँध स्थलों को मजबूत करने और प्रभावित परिवारों को समय पर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के निर्देश दिए। डिप्टी कमिश्नर श्री राहुल ने जानकारी दी कि लगभग 66 गाँव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और करीब 28,000 एकड़ फसल को नुकसान पहुँचा है। राहत के लिए 21 शिविर स्थापित किए गए हैं। राज्यपाल ने प्रशासन को समन्वय के साथ कार्य करने और राहत कार्य तेज़ करने के निर्देश दिए।

बाद में, राज्यपाल ने फिरोजपुर के बाढ़ राहत केंद्र में प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की ज़मीन सरकारी रिकॉर्ड से हटा दी गई है, उन्हें मुआवज़ा और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने माना कि इनकी "स्थायी ज़मीन और आवास अधिकार" की माँग पूरी तरह उचित है और इसे मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। राज्यपाल ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में बाढ़ या हेडवर्क्स से पानी छोड़े जाने की स्थिति में समय रहते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

> **"जनता की सुरक्षा और उनका जीवन-संपत्ति का संरक्षण ही प्रशासन का सर्वोच्च कर्तव्य है।"**
>
> - राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -



# राज्यपाल ने बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा कर कृषि मंत्री को सौंपी विस्तृत रिपोर्ट

**04 सितम्बर 2025**

पंजाब के बाढ़ प्रभावित जिलों – अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन और फिरोजपुर – का दौरा कर हालात का जायजा लेने के बाद पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया अमृतसर हवाईअड्डे पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मिले। इस अवसर पर उन्होंने प्रत्येक जिले की स्थिति, प्रभावित फसलें, बाढ़ राहत प्रयासों और भविष्य के लिए आवश्यक उपायों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने बताया कि प्रशासन ने प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, पशुओं की देखभाल और फसलों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को राहत शिविरों, पुनर्वास योजनाओं और प्रशासनिक समन्वय की जानकारी देते हुए आवश्यक सुझाव भी साझा किए। कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस रिपोर्ट के लिए राज्यपाल की सराहना करते हुए पंजाब को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस बैठक में केंद्रीय और राज्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे और राहत एवं पुनर्वास कार्यों के समन्वय पर विचार-विमर्श किया गया।



**"प्रभावित किसानों और परिवारों की भलाई सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है इसी दृष्टि से हर कदम उठाया जा रहा है।"**
**– राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया –**



# राज्यपाल ने गुरुद्वारा श्री क़तलगढ़ साहिब में हुए नतमस्तक

*बाढ़ प्रभावित पंजाब की सुरक्षा एवं 'चढ़दी कला' की अरदास*

**05 सितम्बर 2025**





पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया गुरुद्वारा श्री क़तलगढ़ साहिब, श्री चमकौर साहिब में नतमस्तक हुए। उन्होंने दशम पातशाह गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर साहिबज़ादों, बाबा अजीत सिंह जी और बाबा जुझार सिंह जी को श्रद्धा और सम्मान अर्पित किया। राज्यपाल ने गुरु साहिब के चरणों में बाढ़ से प्रभावित पंजाब की सलामती और चढ़दी कला के लिए अरदास की।

इस अवसर पर राज्यपाल नें कहा कि "साहिबज़ादों का अदम्य साहस और समर्पण आज भी हमें न्याय, कर्तव्य और सेवा के मार्ग पर प्रेरित करता है। संकट के समय एकजुट होकर कार्य करना ही सच्ची वीरता है।" उन्होंने गुरु साहिब के चरणों में बाढ़ से प्रभावित पंजाब की सुरक्षा, प्रभावित परिवारों की भलाई और समाज में 'चढ़दी कला' बनाए रखने के लिए विशेष अरदास की। यह अवसर आध्यात्मिक भावना और लोककल्याण के समर्पण का प्रतीक रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने भी गुरु साहिब की वाणी और शिक्षाओं का आदरपूर्वक पालन किया।

# राज्यपाल द्वारा लाला जगत नारायण जी को श्रद्धांजलि अर्पित

*रक्तदान शिविर में सहभागिता कर मानवता और सेवा का संदेश दिया*

**05 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया ने लाला जगत नारायण जी की 44वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मोहाली में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लाला जी की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम हमें यह संदेश देता है कि रक्तदान केवल जीवन बचाने का कार्य नहीं, बल्कि मानवता के प्रति जीवन साझा करने का प्रतीक है।



**"रक्तदान केवल जीवन बचाने का कार्य नहीं, बल्कि यह मानवता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जीवन साझा करने का सर्वोच्च प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना प्रबल होती है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# राज्यपाल ने शिक्षकों को किया सम्मानित

*राज्य पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर शिक्षक योगदान को किया प्रोत्साहित*

**05 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में शिक्षकों को राज्य पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने शिक्षा, प्रेरणा और रचनात्मकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने शिक्षकों को उनके अथक प्रयासों और सामाजिक योगदान के लिए बधाई दी तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा दी।








**"शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र के सच्चे भाग्य निर्माता हैं। उनका समर्पण समाज और युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य की नींव रखता है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# पंजाब राजभवन में चिकित्सा जांच एवं रक्तदान शिविर

## *राज्यपाल द्वारा रक्तदाताओं और चिकित्सा संस्थाओं की सराहना की*

**05 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने राजभवन में कर्मचारी सांस्कृतिक एवं खेल संघ द्वारा आयोजित चिकित्सा जांच और रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर फोर्टिस अस्पताल, जीएमएसएच-16, ग्रेवाल नेत्र अस्पताल, डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ और रेड क्रॉस पंजाब के सहयोग से आयोजित किया गया। राज्यपाल ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए सभी सहयोगी संस्थाओं और रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।









**"स्वास्थ्य और सेवा का संयोग ही समाज की सच्ची प्रगति सुनिश्चित करता है। ऐसे प्रयास न केवल मानवता की भावना को जीवित रखते हैं, बल्कि आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को भी बढ़ावा देते हैं।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# राज्यपाल ने बाढ़ राहत कार्यों के लिए रेड क्रॉस की बचाव नौकाओं को किया रवाना

## *तीन नई नौकाएँ मानवीय सहायता को सशक्त बनाकर प्रभावित जिलों में त्वरित राहत प्रदान करेंगी*

**08 सितम्बर 2025**

पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत प्रयासों को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंजाब के राज्यपाल एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पंजाब के अध्यक्ष श्री गुलाब चंद कटारिया ने रेड क्रॉस की तीन नई बचाव नौकाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अवसर पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के दौरान मानवीय सहायता में संवेदनशीलता और सामूहिक प्रयासों की महत्वपूर्ण झलक प्रस्तुत करता है। देश के विश्वसनीय ऑनलाइन दान मंच 'डोनेटकार्ट' के माध्यम से प्राप्त ये नौकाएँ – एक 8-सीटर और दो 4-सीटर; राहत कार्यों की क्षमता को बढ़ाएँगी।

सुझाई गई रणनीति के अनुसार, दो नौकाएँ गुरदासपुर और एक नौका होशियारपुर जिलों में तैनात की गई, जिससे प्रभावित परिवारों और पशुओं को समय पर सहायता मिली। राज्यपाल ने 'डोनेटकार्ट' और सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए नागरिक समाज और मानवीय संस्थाओं के सहयोग को प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। यह पहल राज्यपाल की दृष्टि और नेतृत्व में आपदा प्रबंधन, जनसेवा और सामूहिक संवेदनशीलता का प्रतीक है, जो समाज में मानवीय मूल्यों और सहयोग की भावना को सशक्त करती है।





**"भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हमेशा राहत और पुनर्वास के प्रयासों में अग्रणी रही है। इन नौकाओं के जुड़ने से आपात स्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने की क्षमता और मजबूत होगी।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**



# खेल उत्कृष्टता का सम्मान
# प्रतिभा, अनुशासन और संकल्प को मिला गौरव

*राज्यपाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के साथ नई खेल पहलों का सूत्रपात किया*

**08 सितम्बर 2025**

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में आयोजित स्कॉलरशिप फेलिसिटेशन सेरेमनी में उपस्थित होकर 1,630 खिलाड़ियों को ₹7.12 करोड़ की छात्रवृत्ति तथा 12 प्रशिक्षकों को ₹7.22 लाख की पुरस्कार राशि प्रदान की। कार्यक्रम में उन्होंने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के परिश्रम, अनुशासन एवं प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि ये सम्मान केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि उनके निरंतर प्रयत्नों और उत्कृष्टता की यात्रा का सच्चा मूल्यांकन हैं।

**"खेल मात्र प्रतियोगिता नहीं, जीवन में अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और धैर्य का आधार हैं।"**
**— राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया —**




उन्होंने एशिया कप में भारतीय हॉकी टीम की शानदार जीत का विशेष उल्लेख किया। कोरिया को 4-1 से हराकर चौथी बार खिताब जीतने में पंजाब के 10 खिलाड़ियों का योगदान उन्होंने पूरे राज्य और देश के लिए गर्व का विषय बताया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धियाँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा खेल संरचना को मजबूत करने हेतु उठाए जा रहे नए कदमों की भी जानकारी साझा की। सेक्टर-8 और सेक्टर-39 में समर्पित शतरंज केंद्रों की स्थापना तथा सेक्टर-42 में आधुनिक बिलियर्ड्स एवं स्नूकर हॉल के शुभारंभ को उन्होंने खिलाड़ियों के लिए महत्त्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने "ड्रग-फ्री चंडीगढ़" और "हर बच्चा खेले" के संकल्प को साकार करने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल भारत को "विकसित भारत 2047" की लक्ष्य-पूर्ति की दिशा में गति प्रदान करेंगे। समापन पर राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# आपदा प्रबंधन में संवेदनशील नेतृत्व प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त प्रयासों का संकल्प

*प्रारंभिक वित्तीय सहायता से प्रभावित परिवारों को मिली आशा*

**09 सितम्बर 2025**

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब आगमन पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया, जब प्रधानमंत्री ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का आकलन किया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री ने गुरदासपुर में राहत एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के इस संवेदनशील एवं दूरदर्शी निर्णय के प्रति हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि इस कठिन समय में प्रशासनिक तंत्र पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और सामूहिक प्रयास ही पुनर्वास प्रक्रिया को मजबूत बनाएँगे।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने पंजाब के लिए 1,600 करोड़ की प्रारंभिक वित्तीय सहायता की घोषणा की। इसी सिलसिले में 10 अक्टूबर को राज्यपाल ने फोर्टिस अस्पताल में एडमिट मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान से मुलाकात की और इस प्रारंभिक सहायता राशि की जानकारी दी जिससे प्रभावित किसानों, गृहस्वामियों और पशुपालकों को राहत मिलेगी, साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ओर से मुख्यमंत्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएँ भी पहुंचाईं।

# राज्यपाल ने पंजाब लोक सेवा आयोग के नव-नियुक्त सदस्यों को दिलाई शपथ

**12 सितम्बर 2025**





चंडीगढ़ में पंजाब राजभवन में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नव-नियुक्त सदस्यों श्री संजय गर्ग और श्री सरबजीत सिंह ढिल्लों को पंजाब लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर ने लोक सेवा आयोग के कार्यों में नवाचार और उत्कृष्टता के महत्व को रेखांकित किया। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि नए सदस्य पंजाब और उसके नागरिकों के लिए समर्पित और प्रभावशाली सेवाएँ प्रदान करेंगे।



# राज्यपाल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

## *घग्गर नदी की समस्या पर स्थायी समाधान*

**13 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पटियाला जिले के गनौर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर वहाँ की वर्तमान स्थिति और राहत कार्यों की प्रगति का आकलन किया। इस दौरे के दौरान राज्यपाल ने जिला प्रशासन और राहत कार्यों में लगे अधिकारियों से बातचीत कर प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और फसल नुकसान की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा पंजाब के लिए 1600 करोड़ रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है, और केंद्र सरकार आगे भी हरसंभव सहयोग सुनिश्चित करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में फसल सर्वेक्षण (गिरदावरी) की प्रक्रिया आरंभ कर दी है, ताकि किसानों को न्यायोचित मुआवजा समय पर प्रदान किया जा सके।

राज्यपाल के इस दौरे से न केवल प्रभावित जनता को भरोसा मिला, बल्कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों की गति और प्रभावशीलता को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण दिशा मिली है।





**"घग्गर नदी की समस्या का स्थायी समाधान केवल पंजाब और हरियाणा के सहयोग से ही संभव है। इस दिशा में हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे।"**

**~ राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ~**





# राज्यपाल द्वारा अंगदान को जनांदोलन बनाने का आह्वान

*राज्यपाल ने जी.एम.एस.एच. -16 में अंगदाताओं, निक्षय मित्रों को सम्मानित किया और वृद्धजन एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया*

**17 सितम्बर 2025**




राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने सरकारी मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल (GMSH), सेक्टर-16, चंडीगढ़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित प्रेरणादायी एवं भावपूर्ण समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर तीन महत्त्वपूर्ण पहलें—वृद्धजन देखभाल एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ, अंगदाता परिवारों का सम्मान, और टीबी मरीजों की सहायता कर रहे निक्षय मित्रों का अभिनंदन—कार्यक्रम के केंद्र में रहे।

अपने संबोधन में उन्होंने अंगदान को मानवता की सबसे कठिन, परंतु सबसे पवित्र सेवा बताया। उन्होंने कहा कि यकृत, गुर्दा, हृदय जैसे महत्वपूर्ण अंग दान करना किसी भी परिवार के लिए भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन इसी त्याग के कारण एक नया जीवन संभव होता है। उन्होंने इसे "मानवता की साधना" बताते हुए समाज से इस अभियान को आगे बढ़ाने और इसे एक व्यापक जनांदोलन का रूप देने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने पाँच अंगदाता परिवारों के अप्रतिम साहस और त्याग को नमन करते हुए कहा कि उनका निर्णय पीढ़ियों तक प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने अमृतसर के उस परिवार का विशेष उल्लेख किया जिसने अपनी 39 दिन की नवजात बेटी के अंग दान कर असाधारण करुणा और धैर्य का परिचय दिया—एक उदाहरण जिसकी सराहना स्वयं प्रधानमंत्री ने मन की बात में की थी।

समारोह में राज्यपाल ने निक्षय मित्रों—वे व्यक्ति और संस्थाएँ जो टीबी रोगियों को मानसिक, पोषण और दवा-सहायता प्रदान कर रहे हैं—का सम्मान किया। उन्होंने बताया कि वे स्वयं 50 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र के रूप में सहयोग दे रहे हैं, जिनमें से पाँच को आज विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह सेवा केवल उपचार ही नहीं, बल्कि मरीजों को सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करने का माध्यम है।

इसके उपरांत उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई वृद्धजन देखभाल एम्बुलेंस सेवाओं को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि यह सुविधा 80 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे नागरिकों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी जो बिस्तर पर हैं या अस्पताल तक नहीं पहुँच सकते। यह पहल प्रशासन की

अंगदाता परिवारों और निक्षय मित्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा राज्यपाल द्वारा वृद्धजन एम्बुलेंस सेवाओं को रवाना किया गया।



# राज्यपाल ने बाढ़ प्रभावित जिलों हेतु 50 फॉगिंग मशीनों को किया रवाना

**18 सितम्बर 2025**





पंजाब के राज्यपाल और पंजाब रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ से राज्य के आठ बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 50 फॉगिंग मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन मशीनों की खरीद 9 लाख रुपये की लागत से दान के माध्यम से की गई है। बाढ़ के बाद फैली पानी की स्थिति में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए इनका उपयोग सहायक सिद्ध होता है । राज्यपाल ने इस पहल को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समय पर स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया और राहत कार्यों में समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।




**"बाढ़ के पश्चात फैली पानी की स्थिति में ये फॉगिंग मशीनें समय पर उपयोग होकर बीमारियों के प्रसार को रोकेंगी और प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# शिक्षा में नई ऊर्जा का संचार

*82 नव-नियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपे*

**18 सितम्बर 2025**







राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित समारोह में 82 नव-नियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। यह अवसर न केवल चयनित अध्यापकों और उनके परिवारों के लिए, बल्कि संपूर्ण शिक्षा समुदाय के लिए गर्व का क्षण रहा। शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों का समग्र विकास है।

राज्यपाल ने कहा कि "अध्यापक केवल नौकरी करने वाला व्यक्तित्व नहीं, बल्कि समाज का शिल्पकार और राष्ट्र का निर्माता होता है।" उन्होंने बताया कि शिक्षक बच्चों के मन और हृदय में वे बीज डालते हैं, जो आगे चलकर ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और देशभक्ति के रूप में फलते-फूलते हैं। एक अच्छे शिक्षक का प्रभाव पीढ़ियों तक बना रहता है और इसी कारण गुरु को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है।

कार्यक्रम में यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान में चंडीगढ़ शिक्षा विभाग के अधीन 111 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 1,50,000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। नव-नियुक्त अध्यापकों की नियुक्ति से इन विद्यालयों में नई ऊर्जा आएगी और शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ होगी।

राज्यपाल ने अंत में सभी नव-नियुक्त अध्यापकों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह क्षण केवल नियुक्ति पत्र प्राप्त करने का नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारी और नए अध्याय की शुरुआत का है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में पूर्ण समर्पण से कार्य करेंगे और अपने आचरण से समाज में उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।



# बाढ़ प्रभावितों की 'चढ़दी कला' के लिए सुखमणि साहिब का पाठ

*सुखमणि साहिब पाठ और शबद कीर्तन के माध्यम से संकट में सामूहिक सेवा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश*

**18 सितम्बर 2025**




**"संकट के समय सामूहिक प्रार्थना और सेवा ही समाज में आशा और उत्साह बनाए रखने का आधार हैं। 'चढ़दी कला' की यही भावना हमें कठिन परिस्थितियों में भी ऊँचा और साहसी बनाए रखती है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में बाढ़ प्रभावित लोगों की 'चढ़दी कला' के लिए आयोजित सुखमणि साहिब पाठ और शबद कीर्तन में भाग लिया। यह कार्यक्रम राजभवन कर्मचारी सांस्कृतिक एवं खेल संघ, पंजाब द्वारा गुरुद्वारा पातशाही दसवीं, सेक्टर 8, चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित किया गया था। राज्यपाल ने संकट के समय सामूहिक प्रार्थना और सेवा की भावना को 'चढ़दी कला' का प्रतीक बताया और बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में रागी जत्थे ने शबद कीर्तन प्रस्तुत किया, अरदास हुई और लंगर सेवा का आयोजन भी किया गया।



# राज्यपाल ने 'एम.एस.एम.ई. फॉर भारत' कार्यक्रम में लिया भाग

*मजबूत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को बताया आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की आधारशिला*

**19 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अमर उजाला द्वारा आयोजित 'एम.एस.एम.ई. फॉर भारत' कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "एम.एस.एम.ई. क्षेत्र देश की 5.93 करोड़ इकाइयों के माध्यम से 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा है और भारत के कुल निर्यात में लगभग 46 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।"

राज्यपाल ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना को सशक्त करते हैं। उन्होंने इस क्षेत्र के सतत विकास को "रोज़गार, नवाचार और सामाजिक स्थिरता का त्रिवेणी संगम" बताया।






# राज्यपाल विश्व सनातन धर्म सभा के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

*नए सदस्यों के माध्यम से लोकसेवा में पारदर्शिता और दक्षता को और सशक्त बनाने का संकल्प*

**19 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया विश्व सनातन धर्म सभा के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज सेवा, शिक्षा और संस्कृति के संरक्षण के लिए संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने आह्वान किया कि सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के साथ-साथ वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को और सशक्त बनाया जाए।








> "समाज सेवा, शिक्षा और संस्कृति के संरक्षण के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य वास्तव में प्रेरणादायक हैं।"
>
> ~ राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ~

# राज्यपाल आर्य कॉलेज, लुधियाना के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

*“शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति की जिम्मेदारी है” – राज्यपाल*

**20 सितम्बर 2025**







लुधियाना स्थित आर्य कॉलेज के वार्षिक दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 500 छात्रों को विभिन्न विषयों में स्नातक एवं परास्नातक की उपाधियाँ प्रदान कीं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि “शिक्षा केवल व्यक्तिगत सफलता का मार्ग नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की जिम्मेदारी भी है।” उन्होंने नवदीक्षित विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग देश के विकास, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों के प्रसार में करें। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# राज्यपाल फगवाड़ा स्थित श्रीमणि श्री विश्वकर्मा मंदिर में हुए नतमस्तक

“किरत के देवता भगवान विश्वकर्मा का संदेश समाज को सेवा और सृजन की प्रेरणा देता है” – राज्यपाल

**20 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने फगवाड़ा स्थित श्रीमणि श्री विश्वकर्मा मंदिर में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि “किरत के देवता भगवान विश्वकर्मा के संदेश से प्रेरित यह संस्थान दशकों से समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा में निरंतर अग्रसर है।” उन्होंने श्रद्धालुओं और ट्रस्ट सदस्यों को समाज में नैतिकता, श्रमशीलता और एकता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मंदिर प्रांगण में श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण रहा तथा राज्यपाल ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की अग्रिम शुभकामनाएँ भी दीं।



# राज्यपाल 'क्षमायाचना दिवस' समारोह में हुए शामिल

*"क्षमा समाज को जोड़ने, अहंकार मिटाने और आत्मशुद्धि का श्रेष्ठ मार्ग है" – राज्यपाल*

**21 सितम्बर 2025**

पंजाब राजभवन के गुरु नानक सभागार में आयोजित 'क्षमायाचना दिवस' समारोह करुणा, आत्मशुद्धि और आध्यात्मिकता का दिव्य संगम बन गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्यपाल ने जैन धर्म की क्षमायाचना परंपरा को मानवता के लिए प्रेरणास्रोत बताया कि कार्यक्रम के दौरान संत प्रवचनों और भक्ति संगीत की मधुर ध्वनियों से पूरा सभागार आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित रहा। महादेव मुनि जी ने क्षमायाचना को आत्मशुद्धि का अवसर बताया। विनय मुनि जी, अभय कुमार जी, आलोक मुनि जी और उत्तम मुनि जी ने अपने प्रवचनों में क्षमा को ईश्वर से जुड़ने, समाज में एकता स्थापित करने और आत्मशांति प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम बताया।







**"क्षमा में समाज को जोड़ने, अहंकार को मिटाने और शांति स्थापित करने की अद्भुत शक्ति है।"**
**— राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया —**



# राज्यपाल ने माता मनसा देवी मंदिर में किए नवरात्रि दर्शन

*"नवरात्रि शक्ति, भक्ति और सद्भाव का प्रतीक पर्व है" – राज्यपाल*

**22 सितम्बर 2025**





नवरात्रि के पावन अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धापूर्वक दर्शन कर माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि "नवरात्रि शक्ति, भक्ति और सद्भाव का प्रतीक पर्व है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाता है।"

मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना के दौरान वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहा। राज्यपाल ने माँ दुर्गा से समस्त प्रदेश के कल्याण, समृद्धि और लोकमंगल की प्रार्थना की।



# राज्यपाल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से की मुलाकात

*पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के विकास, सुरक्षा एवं राहत कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा*
*राज्यपाल ने साझा किए स्थायी समाधान और भावी योजनाएँ*

**23 सितम्बर 2025**



पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचारिक भेंट कर पंजाब और यूटी चंडीगढ़ से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में बाढ़ राहत कार्यों, सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा, शिक्षा, उद्योग, खेल तथा आर्थिक विकास से संबंधित मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को पंजाब में आई बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं और रेड क्रॉस के समन्वित प्रयासों से राहत, पुनर्वास और सार्वजनिक ढांचे की बहाली का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है।

सीमावर्ती सुरक्षा पर चर्चा करते हुए उन्होंने पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, स्थानीय रोजगार सृजन और ड्रोन रोधी तकनीक जैसी आधुनिक निगरानी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बताई, ताकि सीमा पार गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। शिक्षा क्षेत्र से संबंधित चर्चा में राज्यपाल ने पंजाब और यूटी चंडीगढ़ में नई शिक्षा नीति (NEP) के सफल क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, शोध को प्रोत्साहन और युवाओं के बीच नशा-मुक्ति के अभियान पर भी विस्तार से चर्चा की।

चंडीगढ़ के विकास पर विचार-विमर्श के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि प्रशासन "गिफ्ट सिटी" मॉडल पर आधारित एक नई आर्थिक परियोजना पर कार्य कर रहा है, जिससे निवेश, नवाचार और रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। साथ ही, नई खेल और स्टार्टअप नीतियों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में राज्यपाल और प्रधानमंत्री के बीच हुई चर्चा ने पंजाब और चंडीगढ़ के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के लिए एक दूरदर्शी दिशा प्रदान की।

**"विकास और सुरक्षा, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं**
**जब समाज सुरक्षित होता है, तभी प्रगति स्थायी रूप से फलती-फूलती है।"**
**— राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया —**

# डिजिटल सेवा-सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

## राज्यपाल ने चंडीगढ़ में सामाजिक कल्याण की नई डिजिटल सुविधाएँ जारी कीं

**24 सितम्बर 2025**



**"तकनीक जनसेवा का सेतु बने
यही सुशासन का सबसे प्रभावी मार्ग है।"
— राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया —**

Beneficiary Satyapan Application

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने यूटी सचिवालय, चंडीगढ़ में सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विकसित अनेक Digital Welfare Initiatives का शुभारंभ किया। इसी क्रम में उन्होंने नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद की अपनी निरंतर पहल–जनता दरबार–का भी संचालन किया।

इन महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाओं में 11 सामाजिक कल्याण योजनाओं का एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्डिंग, पेंशनधारकों के जीवन प्रमाण पत्र हेतु Beneficiary Satyapan Application (BSA) का लॉन्च तथा यूटी सचिवालय में डिजिटल कियोस्क की स्थापना शामिल है। इन पहलों का उद्देश्य सेवा-प्रदान को अधिक पारदर्शी, सुगम और प्रभावी बनाना है।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि ये प्रयास डिजिटल इंडिया की भावना को आगे बढ़ाने वाले महत्वपूर्ण कदम हैं, जिनसे समाज के हर वर्ग तक सेवाएँ तेज़ी से और बिना बाधा पहुँच सकेंगी। उन्होंने कहा कि तकनीक का उद्देश्य आमजन, विशेषकर कमजोर वर्गों, तक शासन की पहुँच को सरल बनाना है।

### पारदर्शी प्रशासन और सहज सेवा का नया चरण

11 कल्याणकारी योजनाओं के डिजिटलीकरण से वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, विधवा एवं निराश्रित महिलाएँ, आश्रित बच्चे आदि लाभार्थी अब किसी भी समय, कहीं से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि लाभ वितरण में पारदर्शिता और समानता भी सुनिश्चित होगी।

---

### पेंशनधारकों के लिए बड़ी सुविधा - BSA ऐप

नव-लॉन्च BSA एप्लिकेशन आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से पेंशनधारकों को डिजिटल रूप में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा देगा। प्रारम्भिक चरण में यह सेवा निर्धारित केंद्रों पर उपलब्ध होगी तथा आवश्यक ऑडिट पूर्ण होने के बाद इसे सभी पेंशनधारकों के लिए विस्तारित किया जाएगा।

---

### डिजिटल कियोस्क - जानकारी का एकीकृत केंद्र

यूटी सचिवालय में स्थापित डिजिटल कियोस्क नागरिकों को विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं, पात्रता मानदंडों तथा आवेदन प्रक्रिया संबंधी एक-स्थान पर त्वरित और विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह सुविधा प्रशासन और जनसाधारण के बीच सूचना के सहज आदान-प्रदान को मजबूत बनाएगी।

---

### जनता दरबार - सीधे संवाद और त्वरित समाधान का मंच

इन डिजिटल पहलों के साथ ही राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने यूटी सचिवालय में जनता दरबार का संचालन भी किया। नागरिकों ने सार्वजनिक सेवाओं, सुविधाओं तथा व्यक्तिगत शिकायतों से जुड़े मुद्दे प्रस्तुत किए, जिनका उन्होंने धैर्यपूर्वक समाधान करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनता दरबार न केवल नागरिकों की समस्याएँ सुनने का माध्यम है, बल्कि समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने की प्रशासनिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। आमने-सामने संवाद के माध्यम से यह पहल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और उत्तरदायित्व को सशक्त बनाती है।

# पंजाब राजभवन में सम्पन्न हुआ सुंदरकांड पाठ

*श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक एकता से आलोकित हुआ राजभवन परिसर*
*प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए की गई प्रार्थना*

**25 सितम्बर 2025**

पंजाब राजभवन में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीराम और भगवान हनुमान जी की आराधना कर प्रदेश के सभी नागरिकों के कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पूरे पाठ के दौरान राजभवन परिसर भक्तिरस और आध्यात्मिक वातावरण से गूंज उठा। राज्यपाल दंपति की सादगीपूर्ण उपस्थिति और गहन श्रद्धा ने आयोजन में विशेष गरिमा और दिव्यता का संचार किया।

यह आयोजन पंजाब राजभवन कर्मचारी सांस्कृतिक एवं खेल संघ, पंजाब-यूटी चंडीगढ़ द्वारा त्रिदंडी स्वामी श्री बी. वी. विष्णु जी महाराज, श्री नीरी महाराज और श्री रामचंद्र दास प्रभु जी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री विवेक प्रताप सिंह, यूटी चंडीगढ़ के विशेष सचिव श्री अभिजीत चौधरी, तथा राजभवन के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संघ के अध्यक्ष श्री भीम सैन गर्ग, उपाध्यक्ष श्री केहर सिंह और महासचिव श्री कमलजीत सिंह के नेतृत्व में संपन्न इस भक्तिमय आयोजन का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम ने सभी उपस्थितों के मन में भक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

**"जब कार्य, श्रद्धा और सेवा का संगम होता है, तब ही भक्ति अपने सर्वोत्तम स्वरूप में समाज को प्रेरित करती है।"**
**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**



# राज्यपाल ने मॉडल जेल, में “अविष्कार” अकादमी का किया शुभारंभ

## *बंदियों के पुनर्वास व आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरक पहल*

**25 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मॉडल जेल, चंडीगढ़ में “अविष्कार” (AVISHKAR) अकादमी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि “अविष्कार अकादमी” का उद्देश्य बंदियों को शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक जीवन की दिशा में अग्रसर करना है।

राज्यपाल श्री कटारिया ने इस पहल को सेवा, संवेदना और संस्कार के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक चरण में सुधार और पुनर्निर्माण की संभावना होती है, और “अविष्कार” उसी विश्वास की साकार अभिव्यक्ति है।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सेतु का कार्य करेगी। राज्यपाल ने यह भी कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल सुधारगृहों को ‘संस्कारगृह’ में परिवर्तित करती हैं, बल्कि समाज को करुणा, सहयोग और पुनर्निर्माण के सच्चे मूल्य भी सिखाती हैं।










# राज्यपाल ने CTU के 97 नए बस चालकों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान

**25 सितम्बर 2025**







पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम (CTU) के 97 नए बस चालकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "यह केवल रोजगार नहीं, बल्कि सुरक्षा, समयपालन और शिष्टाचार के साथ समाज की सेवा का एक सम्मानजनक उत्तरदायित्व है।"

राज्यपाल ने कहा कि एक जिम्मेदार चालक शहर की जीवनधारा को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नव-नियुक्त चालकों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने आचरण, अनुशासन और संवेदनशीलता से चंडीगढ़ की सड़कों पर सुरक्षा और मर्यादा का उदाहरण प्रस्तुत करें।

राज्यपाल ने बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन "हरित और सतत चंडीगढ़" के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्यरत है। प्रशासन इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े का लगातार विस्तार कर रहा है ताकि स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-सक्षम परिवहन प्रणाली विकसित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का संकल्प भी है।





# राज्यपाल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर किया श्रमदान

*'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता को जीवनशैली बनाने का आह्वान*

**25 सितम्बर 2025**




पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर सेक्टर-15, चंडीगढ़ में 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के तहत श्रमदान किया।



**"स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता ही जीवन है — यह केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि हर नागरिक का व्यक्तिगत संकल्प बनना चाहिए।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

राज्यपाल ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने अपील की कि हम सभी अपने घर, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर भारत का निर्माण करें। राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता को जीवनशैली बनाना ही राष्ट्र सेवा का वास्तविक रूप है।

# उदयपुर-चंडीगढ़ रेल सेवाओं में नया अध्याय

## *राज्यपाल ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर नई सुपरफास्ट ट्रेन का स्वागत किया*

**26 सितम्बर 2025**





राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर उदयपुर से चंडीगढ़ के लिए प्रारंभ की गई नई सुपरफास्ट ट्रेन का स्वागत किया। इस बहुप्रतीक्षित ट्रेन को एक महत्वपूर्ण जन-सुविधा बताते हुए कहा कि इससे दोनों शहरों के बीच तीव्र, सुरक्षित और सुविधाजनक रेल संपर्क स्थापित होगा।

उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के साथ लगातार संवाद और प्रयासों का परिणाम है। राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि उदयपुर जिले और आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों को इससे अत्यंत राहत मिलेगी, विशेषकर उन विद्यार्थियों, कर्मचारियों और यात्रियों को जो चंडीगढ़ के लिए नियमित आवागमन करते हैं।

इस सुपरफास्ट एक्सप्रेस में कुल 22 कोच हैं—2 सेकंड एसी, 6 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनॉमी, 6 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी के कोच, तथा एक-एक पावरकार और गार्ड डिब्बा।

राज्यपाल ने कहा कि यह सेवा क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ मिलकर इस नई सुविधा के सुचारू संचालन की शुभकामनाएँ भी दीं।



**"उदयपुर और चंडीगढ़ के बीच यह सीधा रेल संपर्क न केवल यात्रा को सरल बनाएगा, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को भी नई गति देगा।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

इस द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 सितम्बर को बांसवाड़ा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर किया गया, जिससे राजस्थान और उत्तरी क्षेत्र के बीच कनेक्टिविटी को नई दिशा मिली है।

**ट्रेन के समय—**

- **उदयपुर सिटी से चंडीगढ़ (20989):** यह ट्रेन उदयपुर से बुधवार एवं शनिवार शाम 4:05 पर प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 9:50 पर चंडीगढ़ आगमन करेगी।
- **चंडीगढ़ से उदयपुर सिटी (20990):** यह ट्रेन चंडीगढ़ से गुरुवार एवं रविवार सुबह 11:20 पर प्रस्थान करेगी औरअगले दिन सुबह 5:25 पर उदयपुर आगमन करेगी।

# राज्यपाल ने मुंबई में भारत जैन महामंडल के क्षमापना-विश्व मैत्री समारोह में किया सहभाग

*आत्मशुद्धि, करुणा और समभाव का संदेश - "मिच्छामि दुक्कड" से गूँजा सभागार*

28 सितम्बर 2025



पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुंबई में भारत जैन महामंडल द्वारा आयोजित "क्षमापना-विश्व मैत्री समारोह" में भाग लेकर जैन धर्म की करुणा, क्षमा और आत्मसंयम की परंपरा के प्रति अपनी गहन श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि "क्षमायाचना केवल धार्मिक संस्कार नहीं, बल्कि मानवता को जोड़ने वाला सार्वभौमिक संदेश है।"

इस अवसर पर पाँच प्रतिष्ठित विभूतियों को "जैन समाज रत्न अलंकरण" से सम्मानित किया गया। समारोह के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से "मिच्छामि दुक्कड" का उच्चारण किया, जिससे वातावरण में आपसी सद्भाव, शांति और विश्व मैत्री का भाव और भी प्रगाढ़ हो उठा।





**"क्षमा में ही आत्मशुद्धि का मार्ग है यही संदेश हमें जीवन को विनम्रता और समभाव से जीना सिखाता है।"**

**- श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# राज्यपाल ने आदर्श आंगनवाड़ी व सक्षम केंद्रों का किया उद्घाटन

*"हर बच्चा सुपोषित, हर माँ सशक्त" – राज्यपाल*

**29 सितम्बर 2025**











पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर 20 आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों और 30 सक्षम केंद्रों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पोषण अमृत वन, स्तन दूध दान कार्यक्रम तथा सुपोषण 3.0 पुस्तिका का भी शुभारंभ किया।

राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि "पोषण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि भविष्य की नींव है। पोषण माह का उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं, बल्कि सामूहिक संकल्प है – हर बच्चा सुपोषित, हर माँ सशक्त और हर परिवार पोषण से समृद्ध हो।"

उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और समाजसेवी संगठनों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि "सक्षम और आदर्श केंद्र, सेवा और संवेदना के समन्वय से नारी और बाल विकास के सशक्त माध्यम बनेंगे।"

# राज्यपाल ने परिवार सहित श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया

*आध्यात्मिकता, श्रद्धा और भक्ति के संगम में राज्यपाल दंपति की भावपूर्ण उपस्थिति*

**30 सितम्बर 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-34 मेला ग्राउंड, चंडीगढ़ में आयोजित श्री श्री 1008 सिद्ध योगी बचन नाथ बचन जी महाराज की पावन स्मृति में हुई श्रीमद भागवत कथा में प्रमुख रूप से भाग लिया। कथा का वाचन परम पूज्य श्री इंद्रेश जी महाराज द्वारा किया गया।

राज्यपाल श्री कटारिया ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया एवं परिवार संग श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण कर दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया।

**"श्रीमद भागवत कथा आत्मशुद्धि, सद्भाव और धर्म के प्रति समर्पण का माध्यम है, जो मनुष्य को लोककल्याण की भावना से जोड़ती है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**









# राज्यपाल ने सिविल डिफेंस वालंटियर्स के दीक्षांत समारोह में की भागीदारी

*"सेवा-भावना ही समाज की सच्ची शक्ति है" – राज्यपाल*

**30 सितम्बर 2025**






पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया टैगोर थियेटर, चंडीगढ़ में आयोजित सिविल डिफेंस वालंटियर्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले वालंटियर्स को सम्मानित किया।

राज्यपाल ने वालंटियर्स की सेवा-भावना, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि "संकट की घड़ी में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले स्वयंसेवक समाज की सच्ची शक्ति हैं, जो मानवता की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।"

उन्होंने नशा-मुक्त और सुरक्षित चंडीगढ़ तथा पंजाब के निर्माण के लिए सभी नागरिकों से सहयोग और जागरूकता का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि "प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और सेवा-भाव से निभाए, तो समाज स्वतः अनुशासित, सशक्त और प्रगतिशील बनता है।"



# राज्यपाल ने पुलिस कर्मियों के साथ 'बड़ा खाना' कार्यक्रम में साझा किए प्रेरक पल

## *कर्तव्यनिष्ठ पुलिस बल को समर्पण, अनुशासन और सेवा की भावना का अभिनंदन*

**30 सितम्बर 2025**







पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ पुलिस लाइंस में आयोजित 'बड़ा खाना' कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के साथ सौहार्दपूर्ण और प्रेरक पल साझा किए। यह अवसर पुलिस बल की कर्तव्यनिष्ठा, सेवा भावना और अनुशासन को सम्मान देने का प्रतीक रहा। कार्यक्रम के दौरान 402 पुलिसकर्मियों और उनके बच्चों को कुल 1.85 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही, खेल और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया, जिससे पुलिस परिवारों में गर्व और प्रेरणा का वातावरण बना।



**"पुलिसकर्मी समाज के सच्चे प्रहरी हैं, जिनकी निष्ठा और सतर्कता नागरिकों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का भाव उत्पन्न करती है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मियों को उनके अनुशासन, दक्षता और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस बल केवल कानून-व्यवस्था का संवाहक नहीं, बल्कि समाज में विश्वास, सहयोग और सद्भाव का आधार है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस का मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशीलता ही उसे जनता से जोड़ती है और सुशासन की सच्ची पहचान बनाती है। समापन पर श्री कटारिया ने सभी पुलिसकर्मियों से आह्वान किया कि वे सेवा, सतर्कता और सदाचार की भावना से कार्य करते रहें – "आपका समर्पण ही यूटी चंडीगढ़ की शांति, सुरक्षा और सौहार्द का सशक्त स्तंभ है।"

# शिष्टाचारिक भेंट



06 सितम्बर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल से की मुलाकात।



10 सितम्बर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पठानकोट में श्री अश्विनी शर्मा के निवास पर पहुँचकर उनके भाई के निधन पर किया शोक व्यक्त।



11 सितम्बर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान श्री कपिल देव से की मुलाकात।



18 सितम्बर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल से की मुलाकात।



18 सितम्बर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिरला से की मुलाकात।



26 सितम्बर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात।

# राज्यपाल ने फ़िरोज़पुर के लिए बाढ़ राहत सामग्री की रवाना

**01 अक्टूबर 2025**




पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक ने राजभवन, चंडीगढ़ से चार ट्रकों में राहत सामग्री फ़िरोज़पुर, फाजिल्का और अमृतसर के बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए रवाना की। यह सामग्री चंडीगढ़ व्यापार मंडल और ग्रेन मार्केट द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, चंडीगढ़ शाखा के सहयोग से एकत्रित की गई थी, जिसमें बिस्तर, कंबल, पशु-चारा और अन्य आवश्यक वस्तुएँ शामिल थीं। यह राहत सामग्री की तीसरी खेप थी। इस अवसर पर राज्यपाल ने समाज के दानदाताओं और विभिन्न संगठनों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में सामूहिक प्रयास और सहयोग ही सच्ची मानवीय सेवा का स्वरूप है।

# जानसुनवाई के माध्यम से जनसेवा

*राज्यपाल ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और त्वरित समाधान के दिए निर्देश*

**01 अक्टूबर 2025**







"जनसुनवाई के माध्यम से जनसेवा" की भावना को व्यवहार में उतारते हुए, राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने यूटी सचिवालय, चंडीगढ़ में आम नागरिकों से संवाद किया और उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या गंभीरता से सुनी। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी चिंताओं और मांगों को संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा और उन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। राज्यपाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे शिकायतों का निपटारा केवल औपचारिकता के तौर पर न करें, बल्कि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर देखें और वास्तविक कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा कि सुशासन केवल एक आंकड़ा या नीति नहीं है – यह पारदर्शिता, संवेदनशीलता, और जवाबदेही का जीवंत प्रतिबिंब है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को ये भरोसा दिलाया कि उनकी भागीदारी इस सेवा-यात्रा की आत्मा है। उनका विश्वास और सहयोग ही शासन को वास्तव में सार्थक और परिणाममुखी बनाने का आधार है। राजभवन की यह पहल यह दर्शाती है कि जब जनता और प्रशासन साझेदारी की भावना से जुड़ते हैं, तो लोकतंत्र की शक्ति और भी अधिक सशक्त होती है।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने कथुआ के गुज्जर-बकरवाल समुदाय के बच्चों से की प्रेरक भेंट

*'ऑपरेशन सद्भावना' के अंतर्गत संवाद, सीख और राष्ट्रीय एकता का संदेश*

01 अक्टूबर2025



पंजाब राजभवन में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने जम्मू-कश्मीर के कथुआ जिले के गुज्जर-बकरवाल समुदाय से आए 25 छात्र-छात्राओं और उनके शिक्षकों से आत्मीय भेंट की। 'ऑपरेशन सद्भावना' के तहत आयोजित इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य बच्चों को देश की विविधता, संस्कृति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। राज्यपाल ने बच्चों से संवाद करते हुए उनके उत्साह, जिज्ञासा और सीखने की ललक की सराहना की।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को अपने अनुभवों को साझा करने, अनुशासन और परिश्रम के महत्व को आत्मसात करने का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार की यात्राएँ केवल ज्ञानवर्धक नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को सशक्त करने का माध्यम हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे लौटकर अपने अनुभवों को साथियों से साझा करें और अपने जीवन में देशभक्ति, नैतिकता और सेवा के मूल्य अपनाएँ।

"युवाओं में जब देशप्रेम और कर्तव्य का भाव जागता है, तभी भारत 'विकसित राष्ट्र 2047' के स्वप्न को साकार कर सकता है।"

राज्यपाल ने अंत में सेना और प्रशासन के इस संयुक्त प्रयास की सराहना की, जिसने दूरदराज़ के बच्चों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने का सेतु बनाया है।

**"देश का भविष्य इन जिज्ञासु और ऊर्जावान बच्चों के हाथों में है।**

**इन्हें अवसर, शिक्षा और सही दिशा देना ही सच्चा राष्ट्रनिर्माण है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# राज्यपाल ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

*"सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्श आज भी हमारे राष्ट्रीय जीवन के प्रेरक सूत्र हैं" – राज्यपाल*

02 अक्टूबर2025





**"जब दुनिया असहिष्णुता और हिंसा से जूझ रही है, तब गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचारों को आत्मसात करना मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता है।"**

**– राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया –**

पंजाब राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धा और सादगी से युक्त एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

राज्यपाल ने कहा कि "महात्मा गांधी केवल एक राजनीतिज्ञ नहीं, बल्कि युगपरिवर्तक थे, जिनके विचारों ने समूचे विश्व को दिशा दी। सत्य और अहिंसा के उनके सिद्धांत आज भी मानवता के पथप्रदर्शक हैं।" उन्होंने उल्लेख किया कि गांधीजी का ग्राम स्वराज, आत्मनिर्भरता और खादी के प्रति आग्रह आज के 'आत्मनिर्भर भारत' के भाव में साकार रूप ले रहा है।

लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे सादगी, ईमानदारी और लोकसेवा के प्रतीक थे। "जय जवान, जय किसान" का उनका आह्वान आज भी राष्ट्र की आत्मा को स्पंदित करता है। राज्यपाल ने कहा कि यदि हमारी वर्तमान और भावी पीढ़ियाँ गांधीजी और शास्त्रीजी के आदर्शों को अपनाएँ, तो भारत निश्चित रूप से एक सशक्त, आत्मनिर्भर और नैतिक रूप से समृद्ध राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री विवेक प्रताप सिंह सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सत्य और धर्म की सदैव विजय होती है

*राज्यपाल ने दशहरा पर्व पर रावण दहन में भाग लेकर दिया नैतिकता, एकता और सद्भाव का संदेश*

**02 अक्टूबर2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने विजयदशमी के अवसर पर सेक्टर-46 और सेक्टर-48, चंडीगढ़ में आयोजित रावण दहन कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर भगवान श्रीराम के आदर्शों को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है।

राज्यपाल नागरिकों से समाज में भाईचारे, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने ने कहा कि रावण दहन केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है – जब हम अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे दोषों को परास्त करते हैं, तभी दशहरा का सच्चा अर्थ पूर्ण होता है। राज्यपाल ने कहा कि आज के समय में नशाखोरी, भ्रष्टाचार और हिंसा जैसे आधुनिक 'रावणों' से समाज को मुक्त करना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और समानता को श्रीराम के आदर्शों की जीवंत अभिव्यक्ति बताया।

"नारी शक्ति का सम्मान ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की शिक्षा का सार है।" राज्यपाल ने समस्त नागरिकों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और भगवान श्रीराम से देश की एकता, समृद्धि व कल्याण की प्रार्थना की।

## जय श्री राम!



**"बुराई चाहे कितनी भी प्रबल क्यों न हो,**
**अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है।"**
**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**



# स्वच्छता के संकल्प को नई दिशा

*राज्यपाल ने स्वच्छ सम्मान समारोह में सफाईमित्रों का किया सम्मान*

**02 अक्टूबर 2025**







**"सफाईमित्रों का परिश्रम स्वच्छ भारत अभियान की असली आधारशिला है"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने रानी लक्ष्मीबाई महिला भवन, सेक्टर 38 में आयोजित स्वच्छ सम्मान समारोह में सफाईमित्रों और स्वच्छता अभियानों से जुड़े हितधारकों का सम्मान किया। कार्यक्रम का आरंभ राज्यपाल और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। इस कार्यक्रम में उन्होंने स्वच्छता को राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला बताते हुए सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय योगदान का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने नगर निगम के 35 वार्डों में शहर-व्यापी स्वच्छता प्रतियोगिता शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के आधार पर चयनित शीर्ष तीन वार्डों को क्रमशः  50 लाख,  30 लाख और  20 लाख के विशेष विकास अनुदान दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और सहभागिता को मजबूत करेगी।

सफाईमित्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी निष्ठा और परिश्रम ने चंडीगढ़ को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाया है। उन्होंने आवासीय एवं बाज़ार कल्याण संघों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न संस्थाओं के योगदान की भी प्रशंसा की।

समारोह का समापन सफाईमित्रों के प्रति गहरी प्रशंसा और नगर निगम के सतत प्रयासों की सराहना के साथ हुआ, जिसने 'स्वच्छ, हरित और स्वस्थ चंडीगढ़' के संकल्प को और सुदृढ़ किया।



# "मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है": राज्यपाल

*लुधियाना में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर राज्यपाल ने किया सेवा और संवेदना का आह्वान*

**03 अक्टूबर 2025**



लुधियाना के दोहरा स्थित हेवेनली पैलेस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस समारोह में सम्मिलित होकर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि – "मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है। जो व्यक्ति दूसरों के दुःख को अपना समझकर कार्य करता है, वही सच्चे अर्थों में धर्म और राष्ट्र दोनों की सेवा करता है।"





**"जब समाज सेवा, करुणा और सहभागिता के सूत्रों से जुड़ता है, तभी राष्ट्र सशक्त और संवेदनशील बनता है।"**

**– राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया –**

उन्होंने डीबीसी ट्रस्ट द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, अनाथ बच्चों और बेसहारा महिलाओं के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान समाज में संवेदना, सहयोग और करुणा की भावना को सशक्त बना रहा है। राज्यपाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और जीवन मूल्यों से नई पीढ़ी को दिशा मिलती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने बड़ों के सम्मान, सेवा और स्नेह को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास न केवल मानवीयता को पुष्ट करते हैं, बल्कि यही राष्ट्रभक्ति का वास्तविक स्वरूप हैं। राज्यपाल ने अंत में डीबीसी ट्रस्ट के सदस्यों और सभी उपस्थित जनों को समाजसेवा की इस भावना को निरंतर बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि सेवा, त्याग और सद्भाव ही भारत की सांस्कृतिक पहचान हैं।

# यादविन्द्रा पब्लिक स्कूल, मोहाली के वार्षिक अकादमिक दिवस में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को दिया प्रेरक संदेश

**07 अक्टूबर 2025**










पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया यादविन्द्रा पब्लिक स्कूल, मोहाली के वार्षिक अकादमिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय न केवल ज्ञान के मंदिर हैं, बल्कि संस्कार और नेतृत्व की पाठशालाएँ भी हैं। राज्यपाल ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निखरता है और समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को डिजिटल युग की चुनौतियों के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों से भी जोड़ना आवश्यक है।

अंत में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने जीवन में सत्य, परिश्रम और सेवा को सर्वोच्च आदर्श बनाएं और देश को गौरवान्वित करने वाले नागरिक बनकर उभरें।

**"शिक्षा का लक्ष्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास भी है। शिक्षा वह शक्ति है जो व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक और समाज का आदर्श सदस्य बनाती है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# "महर्षि वाल्मीकि के उपदेश मानवता को सत्य और धर्म के मार्ग पर अग्रसर करते हैं" — राज्यपाल

## *जगराओं में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर राज्यपाल ने समाज में सदाचार और एकता का संदेश दिया*

**07 अक्टूबर 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया जगराओं में सेंट्रल वाल्मीकि सभा, इंडिया द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने इस अवसर को समाज में नैतिकता, सत्य और धर्म की स्थापना के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की महान रचना 'रामायण' केवल एक महाकाव्य नहीं, बल्कि जीवन का आदर्श ग्रंथ है, जो हर युग में मनुष्य को कर्तव्य, करुणा और न्याय का मार्ग दिखाती है।



राज्यपाल ने कहा कि वाल्मीकि जी का जीवन इस सत्य का प्रतीक है कि परिश्रम, आत्मचिंतन और सत्कर्म से कोई भी व्यक्ति समाज में उच्चतम स्थान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज में समानता, भाईचारे और सेवा की भावना को बढ़ाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे संत-महापुरुषों की शिक्षाएँ भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं, जो हमें निरंतर मानवता और राष्ट्रहित की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।



> **"महर्षि वाल्मीकि जी के उपदेश मानवता को सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। उनकी जीवन साधना ने समाज को यह सिखाया कि ज्ञान, सेवा और भक्ति ही जीवन का वास्तविक आभूषण हैं।"**
>
> – राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया –



# राज्यपाल ने पाँच नए 'संपर्क केन्द्रों' का किया उद्घाटन

*"संपर्क केन्द्र जनता और प्रशासन के बीच विश्वास का सेतु हैं" – राज्यपाल*

**08 अक्टूबर02025**




पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने आज सेक्टर 30, 44, 52, 55 और काजहेड़ी के पाँच नए 'संपर्क केन्द्रों' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "संपर्क केवल एक तकनीकी मंच नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास का सेतु है।"

राज्यपाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक सरकारी सेवाएँ सरल, पारदर्शी और सम्मानजनक रूप में पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि शासन जनता के द्वार तक पहुँचे, ताकि कोई भी नागरिक वंचित न रहे। राज्यपाल ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि चंडीगढ़ को सुशासन का आदर्श मॉडल बनाने के लिए डिजिटल नवाचार और नागरिक सहभागिता दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि 'संपर्क' परियोजना वर्ष 2004 में आरंभ हुई थी, जो आज बढ़कर 50 केन्द्रों तक पहुँच चुकी है, जहाँ 122 नागरिक सेवाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए प्रारंभ की गई 'डोर-टू-डोर संपर्क सेवा' इस परियोजना की मानवीय संवेदना को दर्शाती है, जो प्रशासन के 'जन-प्रथम शासन' दृष्टिकोण को साकार करती है।

**"संपर्क जैसी पहलें सुशासन की आत्मा हैं — जहाँ तकनीक जनकल्याण का माध्यम बनती है और शासन की संवेदनशीलता नागरिकों के जीवन में भरोसे का आधार बनती है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

# राज्यपाल द्वारा 50 क्विक रिस्पॉन्स टीम वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## *सार्वजनिक-निजी भागीदारी से सशक्त हुई यूटी चंडीगढ़ की सड़क सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था*

**08 अक्टूबर 2025**

यूटी चंडीगढ़ में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने "सड़क सहयोगी - सुरक्षित मार्ग, सुरक्षित जीवन" अभियान के तहत होंडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा चंडीगढ़ पुलिस को प्रदान की गई 50 क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) मोटरसाइकिलों को टैगोर थियेटर, सेक्टर-18 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल ने कहा कि यह पहल सार्वजनिक-निजी भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ाएगी बल्कि आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता को भी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने इस अभियान को नागरिक सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में एक प्रेरक पहल बताया।






**"हर जीवन मूल्यवान है, और सड़क पर सुरक्षा ही सच्ची संवेदना का परिचायक है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

श्री कटारिया ने बताया कि चंडीगढ़ पुलिस ने औसत आपातकालीन प्रतिक्रिया समय 5.6 मिनट दर्ज कर राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस उपलब्धि को पुलिस कर्मियों की सजगता और समर्पण का परिणाम बताते हुए कहा कि यह प्रयास चंडीगढ़ को सुरक्षित और अनुशासित शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

राज्यपाल ने होंडा इंडिया फाउंडेशन और चंडीगढ़ पुलिस को इस सहयोगात्मक प्रयास के लिए बधाई देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा दूसरों के जीवन की सुरक्षा को भी अपने कर्तव्य का हिस्सा समझें।

**08 अक्टूबर 2025**





**पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने दीपावली पर लद्दाख और सियाचिन में तैनात सैनिकों के लिए मिठाइयों से भरे ट्रकों को पंजाब राजभवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सैनिकों के साहस हेतु कृतज्ञता जताई और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के क्लबों के योगदान की सराहना की। यह पहल सैनिकों के सम्मान और दीपावली की स्नेहपूर्ण भावना का प्रतीक है।**

# "भारत की भाषाई विविधता हमारी असली शक्ति है"

## *भाषा और लोकधारा से जुड़ी परंपराएँ हमारी सांस्कृतिक आत्मा की अभिव्यक्ति हैं – राज्यपाल का संदेश*

**10 अक्टूबर 2025**





पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित 11वें अखिल भारतीय भाषाविज्ञान एवं लोकधारा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को देश की "असली पहचान और सबसे बड़ी शक्ति" बताया। राज्यपाल ने कहा की भारत जैसे विशाल और बहुरंगी राष्ट्र की आत्मा उसकी भाषाओं, बोलियों और लोक परंपराओं में बसती है। राज्यपाल ने कहा की "हमारी भाषाएँ केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे विचारों , और संस्कार की जीवित परंपराएँ हैं,"

राज्यपाल ने आगे कहा कि ऐसे आयोजन न केवल अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में भाषा, साहित्य और लोकधारा के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना को भी गहरा करते हैं। उन्होंने विद्वानों और शोधकर्ताओं से आग्रह किया कि वे भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा को आधुनिक तकनीक और शिक्षा से जोड़कर इसे समयानुकूल और जनोन्मुखी बनाएं। राज्यपाल ने कहा कि "भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है – अनेक भाषाएँ, अनेक परंपराएँ, परंतु एक ही आत्मा-भारतीयता।" उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए आयोजकों, विद्वानों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि भाषा-संवर्धन के ऐसे प्रयास राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता और गौरव को सशक्त करते हैं।

# सामाजिक समरसता के बिना राष्ट्र की प्रगति अधूरी है : राज्यपाल

**10 अक्टूबर 2025**





लुधियाना में दलित हेल्पलाइन एवं भगवान वाल्मीकि धर्म समाज द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने समाज में समानता, सौहार्द और सहयोग की भावना को सशक्त बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि समाज की सच्ची शक्ति उसके आपसी सम्मान, न्याय और एकता में निहित है। जब हर व्यक्ति को समान अवसर और गरिमा प्राप्त होती है, तभी राष्ट्र की प्रगति संतुलित और स्थायी बनती है। उन्होंने कहा कि "समानता केवल संवैधानिक सिद्धांत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का आधार है, जो हमें विभाजन नहीं, बल्कि एकता की दिशा में प्रेरित करता है।" राज्यपाल ने इस अवसर पर दलित हेल्पलाइन और धर्म समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक जागरूकता और सहयोग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समरसता, संवेदना और सहअस्तित्व की भावना को गहराई से स्थापित करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत की आत्मा उसकी सांस्कृतिक एकता और सामाजिक न्याय की भावना में निहित है। जब समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिलता है, तब राष्ट्र सशक्त बनता है। उन्होंने उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे सेवा, सहयोग और सौहार्द के मार्ग पर चलते हुए "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना को जीवन में उतारें।



# “ शहीदों की विरासत नई पीढ़ी को प्रेरित करती है ” राज्यपाल

11 अक्टूबर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने खटकड़ कलां में शहीद भगत सिंह सहित स्वतंत्रता संग्राम के अन्य महान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इन वीरों की प्रेरणादायक विरासत ने नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत किया है। साथ ही, उन्होंने बाढ़ के दौरान पंजाबियों, प्रशासन, भारतीय सेना और पंजाब पुलिस द्वारा प्रदर्शित साहस, एकता और सेवा-भाव की सराहना करते हुए इसे मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।



# "मानवता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है" राज्यपाल

*रेड क्रॉस निस्वार्थ सेवा, करुणा और एकता की भावना का प्रतीक है – राज्यपाल*

**15 अक्टूबर 2025**


















पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ में आयोजित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पंजाब राज्य शाखा की 51वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता करते हुए पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि रेड क्रॉस संगठन करुणा, सहयोग और सेवा की उस परंपरा को जीवित रखे हुए है, जो जाति, धर्म और वर्ग से परे केवल मानव कल्याण के भाव से प्रेरित है। राज्यपाल ने सभी सदस्यों, स्वयंसेवकों और समाजसेवियों को उनके निस्वार्थ योगदान के लिए बधाई देते हुए कहा कि "रेड क्रॉस सेवा नहीं, बल्कि संवेदना का वह माध्यम है, जो समाज को एक सूत्र में बाँधता है।"

अपने संबोधन में राज्यपाल ने भाई घनैया जी के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंजाब की सेवा परंपरा प्राचीन और गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि "मित्र या शत्रु का भेद किए बिना मानव सेवा करना ही सच्चा धर्म है – यही भावना आज रेड क्रॉस की प्रेरणा है।"

राज्यपाल ने रेड क्रॉस की जनहितकारी पहलों – गरीब मरीजों के लिए निःशुल्क दवाएँ, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, और नशा-निवारण कार्यक्रमों – की सराहना की। उन्होंने कहा कि नशा-मुक्त पंजाब का निर्माण तभी संभव है जब समाज सरकारी प्रयासों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से आगे आए। राज्यपाल ने हाल ही की बाढ़ राहत कार्यों में रेड क्रॉस की त्वरित प्रतिक्रिया और सेवाभाव की सराहना करते हुए 51 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की। बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिला शाखाओं, रक्तदाताओं और समाजसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने युवाओं को रेड क्रॉस से जुड़ने का आह्वान किया।

# "अपनापन ही सबसे बड़ा उत्सव है": राज्यपाल

## *राज्यपाल ने नारी निकेतन, स्नेहालय, वरिष्ठ नागरिक गृह और कुष्ठ आश्रम में बाँटी दीपावली की रोशनी, संवेदना और स्नेह*

**15 अक्टूबर 2025**

दीपावली से पूर्व पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नारी निकेतन (सेक्टर-26), आशियाना एवं स्नेहालय (बालिकाओं हेतु), वरिष्ठ नागरिक गृह (सेक्टर-15) तथा कुष्ठ आश्रम (सेक्टर-47) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ निवासरत बुजुर्गों, महिलाओं और बालिकाओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनके साथ दीपावली की खुशियाँ साझा कीं। राज्यपाल ने कहा कि "ये सभी हमारे अपने परिवार के सदस्य हैं – उनकी दिवाली भी उतनी ही रोशन होनी चाहिए जितनी हमारे घरों की होती है। उनका स्नेह और आशीर्वाद ही इस पर्व की सच्ची ज्योति है, जो समाज को करुणा और संवेदना से आलोकित करती है।"







उन्होंने कहा कि मानवता, करुणा और सहभागिता ही किसी समाज की वास्तविक पहचान हैं। त्यौहारों का अर्थ तभी पूर्ण होता है जब उनकी रोशनी हर व्यक्ति के जीवन में समान रूप से पहुँचे। राज्यपाल ने सभी संस्थानों में निवासरत लोगों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली और प्रशासन को उनके कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी निवासियों ने राज्यपाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उनके स्नेहिल व्यवहार और आत्मीय संवाद से संस्थानों में पारिवारिक उल्लास, अपनत्व और प्रकाश का वातावरण बन गया। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री विवेक प्रताप सिंह, उपायुक्त श्री निशांत कुमार यादव, समाज कल्याण सचिव श्रीमती अनुराधा चगटी सहित यूटी चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।












**"वरिष्ठ नागरिकों, बालिकाओं और विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के जीवन में मुस्कान लाना हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है।"**

**- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**











# "मुनिश्री अभय कुमार जी का जीवन संयम, सेवा और साधना का अद्वितीय उदाहरण है": राज्यपाल

*अनुव्रत भवन में श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर राज्यपाल ने किया संत जीवन मूल्यों को नमन*

**16 अक्टूबर 2025**






राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया सेक्टर-24 स्थित अनुव्रत भवन में आयोजित पूज्य जैन मुनिश्री अभय कुमार जी स्वामी की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुनिश्री अभय कुमार जी का जीवन संयम, सेवा और साधना का अद्वितीय उदाहरण रहा है। तप, ध्यान और धर्मसंघ की सेवा के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता ने मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे संत समाज में नैतिकता, शांति और सद्भाव के दीप प्रज्वलित करते हैं। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। उन्होंने मुनिश्री जी के उपदेशों को आत्मशुद्धि और लोककल्याण की दिशा में मार्गदर्शक बताया।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं और अनुयायियों ने भी मुनिश्री जी के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। राज्यपाल ने कहा कि आध्यात्मिक व्यक्तित्व समाज के नैतिक उत्थान में अमूल्य योगदान देते हैं और उनके आदर्श हमें सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।



# "युवा अभियंता विकसित भारत के सशक्त निर्माता बनें": राज्यपाल

## *पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने नवाचार और राष्ट्रनिर्माण की भावना पर बल दिया*

**18 अक्टूबर 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ के 55वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने इस गरिमामय अवसर को संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा और उपलब्धियों का प्रतीक बताते हुए कहा कि पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयाँ स्थापित कर रहा है तथा देश को उच्च क्षमता वाले अभियंता प्रदान कर राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

स्नातकों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवा अभियंता विकसित भारत के सशक्त निर्माता बन सकते हैं। आज का समय तकनीक और नवाचार के माध्यम से देश को आत्मनिर्भरता तथा प्रगति के नए शिखरों तक पहुँचाने का है। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए कहा कि वे मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और विकसित भारत 2047 जैसी राष्ट्रीय पहलों को अपने कौशल, समर्पण और रचनात्मक सोच से और अधिक मजबूत बनाएँ। राज्यपाल ने शिक्षकों और संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ज्ञान का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए सार्थक योगदान देना है। समारोह में सफल स्नातकों को उपाधियाँ और सम्मान प्रदान किए गए। राज्यपाल ने सभी स्नातकों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।










# राज्यपाल द्वारा 'प्रेरणादायक साक्षात्कार - एक सफर' पुस्तक का विमोचन

**25 अक्टूबर 2025**

पजाब राजभवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने डॉ. ज्योति द्वारा लिखित "प्रेरणादायक साक्षात्कार- एक सफर" पुस्तक का विमोचन किया। यह कृति समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अविनाश राय खन्ना के जीवन, विचारों और जनसेवा की यात्रा पर आधारित है। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. खन्ना का जीवन निष्ठा, सत्यनिष्ठा और समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाते हुए हर पद पर मानवता को सर्वोच्च स्थान दिया। राज्यपाल ने लेखिका डॉ. ज्योति को इस प्रेरक कृति के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक युवाओं, विद्यार्थियों और समाजसेवियों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

"समाज के उत्थान के लिए किया गया कार्य ही व्यक्ति के जीवन को सार्थक बनाता है डॉ. खन्ना की जीवनयात्रा उसी भावना का प्रतीक है।"

- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -







# "हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है" — राज्यपाल

*राज्यपाल ने मॉडल आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण कर जनस्वास्थ्य में तकनीकी नवाचारों की सराहना की*

**30 अक्टूबर 2025**






पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने डड्डूमाजरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा सेक्टर 47, 39 और 25 के शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का दौरा किया। ये सभी केंद्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मॉडल आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक-सक्षम स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। राज्यपाल ने रोगियों और स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत करते हुए सेवा-प्रणालियों की जानकारी ली तथा स्कैन एंड शेयर और नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल जैसी डिजिटल पहलों की सराहना की।



उन्होंने सेक्टर 39 में निःशुल्क परीक्षणों हेतु सुसज्जित प्रयोगशाला एवं मॉडल टीकाकरण केंद्र का उद्घाटन भी किया। राज्यपाल ने कहा कि ये मॉडल आरोग्य मंदिर प्रशासन की "जन-प्रथम" नीति और जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा, "स्वास्थ्य सेवाएँ केवल उपचार नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व हैं – जब हर नागरिक स्वस्थ होगा, तभी समाज सशक्त बनेगा।"

# "सरदार पटेल की एकता की भावना युवाओं को नशा-मुक्त, आत्मनिर्भर और अखंड भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती है" — राज्यपाल

*सुखना झील से उठा 'Sardar@150 Unity March' का स्वर – राष्ट्र एकता, अनुशासन और सेवा की भावना का सशक्त संदेश*

**31 अक्टूबर 2025**

> **"सरदार पटेल ने 562 रियासतों को जोड़कर भारत की अखंडता को स्वरूप दिया। उनका जीवन अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की जीती-जागती प्रेरणा है। यदि वे न होते, तो भारत का मानचित्र आज ऐसा न होता।"**
> **- राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया -**

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने यूटी चंडीगढ़ स्थित सुखना झील पर 'Sardar@150 Unity March' का नेतृत्व किया, जो भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। लगभग 800 युवाओं और एनएसएस स्वयंसेवकों की सहभागिता से यह आयोजन राष्ट्र की एकता और युवाशक्ति के उत्साह से सराबोर रहा। राज्यपाल ने उपस्थित युवाओं को "नशा मुक्त भारत" और "आत्मनिर्भर भारत" की शपथ दिलाते हुए कहा कि यह मार्च केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा की भावना को जगाने वाला जनआंदोलन है। राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी रचनात्मक ऊर्जा का योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'विकसित भारत @2047' की दिशा में अग्रसर है और इस यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति हमारे युवा हैं। कार्यक्रम "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के जयघोष और देशभक्ति के उल्लासमय वातावरण में संपन्न हुआ।



# शिष्टाचारिक भेंट



07 अक्टूबर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने नव नियुक्त मुख्य सचिव श्री एच राजेश प्रसाद, आई.ए.एस का किया स्वागत।



24 अक्टूबर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने संत श्री बलबीर सिंह के साथ बुड्ढा दरिया का किया जायजा।



29 अक्टूबर 2025

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में पंजाब के पूर्व राज्यपाल श्री वी.पी. सिंह बदनौर से की मुलाकात।

# प्रशासक ने आशा किरण केंद्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा की

- पाठ्यक्रमों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने पर जोर
- केंद्र की प्रशिक्षण क्षमता को बढ़ाने पर भी बल दिया



# आशा किरण वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर की क्षमता बढ़ेगी

## चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने की ट्रेनिंग सेंटर की कार्यप्रणाली की समीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर



# प्रशासक ने की आशा किरण व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र के कामकाज की समीक्षा

जगमार्ग न्यूज़



चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को आशा किरण, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी), सेक्टर 46, चंडीगढ़ के कामकाज का आकलन करने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चल रही पहलों के मूल्यांकन और केंद्र की पहुँच एवं प्रभाव का विस्तार करने के अवसरों की खोज पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान, प्रशासक ने केंद्र में संचालित एनएसडीसी-प्रमाणित पाठ्यक्रमों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को प्रदान की जा रही विभिन्न सहायता सेवाओं का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से वंचित और कमजोर समूहों के लिए कौशल विकास को सुगम बनाने में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयासों की सराहना की। कटारिया ने आशा किरण में उपलब्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के महत्व पर बल दिया ताकि जनसंख्या का एक बड़ा वर्ग लाभान्वित हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जमीनी स्तर पर जागरूकता प्रयासों को सुदृढ़ करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जानकारी उन लोगों तक पहुँचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक कौशल से व्यक्तियों को सशक्त बनाने से न केवल उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में भी मदद मिलेगी। बैठक में मुख्य सचिव (प्रभारी) मंदीप सिंह बराड़, राज्यपाल के प्रधान सचिव विवेक प्रताप सिंह, सचिव समाज कल्याण अनुराधा चगती और समाज कल्याण निदेशक पालिका अरोड़ा उपस्थित थीं।

# राज्यपाल का 'ऐट होम' समारोह, सीएम मान और नायब सैनी ने की शिरकत

सवेरा न्यूज/राकेश



राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से बातचीत करते हुए।



राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते हुए।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंजाब राजभवन में 'एट होम' समारोह आयोजित

जगमार्ग न्यूज़



चंडीगढ़। भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक, गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राज भवन में पारंपरिक 'एट होम' समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना का उत्सव मनाने के लिए विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य नागरिकों ने सम्मिलित होकर समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह की शुरुआत राज्यपाल के शाम 5 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के साथ हुई। राज्यपाल का पुलिस बैंड द्वा... औपचारिक स्वाग... उपस्थित सभी लो... की भावना और ... राज भवन के प्रां... सुसज्जित किया... उपस्थित अतिथियों का हार्दिक अभिवादन किया और उनसे शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया, जिनमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी सम्मिलित थे। कार्यक्रम में हरियाणा ... पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव, तथा चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हुड्डा सहित चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रशासक ने विभिन्न क्षेत्रों से

# एट होम कार्यक्रम में दिखी मान-कटारिया की जुगलबंदी

चंडीगढ़। स्वतंत्रता दिवस पर पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया की ओर से एट होम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण राज्यपाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच गर्मजोशी रही। बातचीत के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा करते और हंसी-मजाक करते भी दिखे। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की कई अतिथियों से पहचान भी कराई। पूर्व राज्यपाल पुरोहित और मुख्यमंत्री के बीच रिश्ते अक्सर खिंचे-खिंचे रहते थे। मंचों पर भी दोनों अपने-अपने में ही व्यस्त रहते थे। लेकिन राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के आने के बाद हालात बदले हैं। कार्यक्रम में दोनों नेताओं की सहजता और आपसी तालमेल ने इस रिश्ते ...



एट होम में मान व कटारिया। अमर उजाला

## स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को एट होम कार्यक्रम में नहीं बुलाया

चंडीगढ़। पंजाब राजभवन में इस बार स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को नहीं बुलाया गया। ...

# यूटी प्रशासक ने बीबीएमबी में सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया



चंडीगढ़ : यूटी प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने बुधवार को भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के पीपीआइपी गेस्ट हाउस में 55 किलोवाट क्षमता के रूफटाप सौर ऊर्जा संयंत्र और वर्षा जल संचयन प्रणाली का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रशासक ने पौधारोपण भी किया। बीबीएमबी के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी और संगठन के अधिकारी भी मौजूद थे। • बीबीएमबी

# Kataria approves sponsor banners at sports events

Chandigarh: Punjab governor and UT administrator Gulab Chand Kataria on Wednesday gave his approval to allow installation of sponsor banners/hoardings at sports events organised by recognised and affiliated sports associations in Chandigarh.

Kataria emphasised that allowing sponsor banners would attract greater sponsorship, increase visibility of sports events, and help create a vibrant ecosystem where athletes could thrive. The decision, fulfilling a long-standing



... tions, was announced after the UT administrator held a review with the senior officials of the sports department earlier in the day.

As per the communications, an association affiliated/recognised by the Chandigarh Olympic Association/ Chandigarh Sports Council for conducting recognised tournaments, i.e., state/national/international in the category of sub-junior/junior/se... of Rs 5,000 per day for inst[illegible] ling any number of spons[illegible] banners/hoardings duri[illegible] the conduct of recognised [illegible]urnaments, in addition to b[illegible]king/other charges.

Similarly, the charges [illegible] conducting any unrecogni[illegible] tournaments would be [illegible] 10,000 per day for installi[illegible] sponsor banners/hoarding[illegible] Further, the fee for unaffil[illegible]ted/unrecognised assoc[illegible]tions, organisations, and co[illegible]mercial bodies for conducti[illegible] any tournaments/champio[illegible]hips/events has been set at [illegible] 20,000 per day. TNS

# इस्कॉन मंदिर में चांदी के पालना में झूले नंदलाल

भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म उत्सव शहर के मंदिरों में हर्षोल्लास से मनाया गया



## प्रशासक कटारिया ने किया बाल कृष्ण का पंचामृत से अभिषेक

# ओवर बर्डन पीजीआई, मरीजों को राहत देगा जीएमसीएच का 283 बेड का ट्रॉमा सेंटर





# रसिक गुलाब चंद कटारिया ने चैतन्य गौड़ीय मठ में टेका माथा



# भगवान को 156 व्यंजनों का भोग लगाया, फलों के रस से अभिषेक



इस्कॉन मंदिर में रात तक लगी भक्तों की लंबी कतारें

[ PATIALA ]

# Guv inaugurates dark room lab to aid hearing-impaired kids

PATIALA: Governor Gulab Chand Kataria on Tuesday inaugurated a specially designed 'Dark Room Lab' at Vaani School for Hearing Impaired in Patiala.

The dark room is used for brief periods of visual deprivation that can stimulate the brain to adapt and potentially improve sound processing, especially in individuals with age-related hearing loss or those learning to use cochlear implants.

The project has been developed with financial support of ₹20 lakh provided by the governor through the Punjab Child Welfare Council for autistic and intellectually disabled children.

Speaking on the occasion, Kataria said that the real progress of the nation lies in improving the lives of children with special needs. He expressed confidence that the Dark Room Lab would help calm hyperactivity and aggression and create a better learning environment for such students.

Health minister Dr Balbir Singh assured full support for the growth of Vaani School.

# राज्यपाल ने किया सीपीएल का शुभारंभ



# कटारिया ने श्री चैतन्य गौड़ीय मठ में परिवार के साथ की पूजा



जगमार्ग न्यूज़

चंडीगढ़। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने श्री चैतन्य गौड़ीय मठ, सेक्टर-20बी, चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल के साथ उनकी पत्नी अनीता कटारिया और परिवार के अन्य सदस्य भी थे, जिन्होंने उत्सव में भाग लिया और पूजा-अर्चना की।

समारोह को संबोधित करते हुए कटारिया ने हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और भगवान श्री कृष्ण की शाश्वत ... मानवता को धर्म, सत्य और समाज सेवा की ओर अग्रसर किया। उन्होंने सभी से दैनिक जीवन में इन मूल्यों को आत्मसात करने और एक मजबूत एवं सामंजस्यपूर्ण राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में भगवान कृष्ण को समर्पित भक्तिमय प्रदर्शन, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें भक्तों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर, राज्यपाल और उनके परिवार को मठ के अधिकारियों द्वारा उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए सम्मानित किया।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पहुंचे राज भवन, राज्यपाल ने किया स्वागत

पूर्व राष्ट्रपति ने पंजाब के राज्यपाल के साथ मुलाकात के दौरान राज्य के मुद्दों पर की चर्चा



भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का पंजाब राज भवन में पहुंचने पर सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया।

## प्रशासक के समक्ष शिक्षा व खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा रिपोर्ट पेश



# राज्यपाल ने मोहाली में 'ईट राइट वॉकाथॉन एवं मेले' का किया शुभारंभ



मेले का शुभारम्भ करते हुए पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया। सोहित

मोहाली, 23 अगस्त (नियामियां/संदीप) : पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, मोहाली में "ईट राइट वॉकाथॉन एवं मेला" का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल और द रेड कार्पेट चैंबर्स द्वारा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) तथा पंजाब खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में, हर्बलाइफ के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि "ईट राइट केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है, जिसे हर नागरिक को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए।" संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाकर ही भारत की युवा पीढ़ी को शारीरिक और रचनात्मक भविष्य के लिए तैयार किया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि "स्वस्थ जीवन का आधार है संतुलित आहार, शुद्ध जल, स्वच्छता और नियमित शारीरिक गतिविधि।" उन्होंने भारत सरकार द्वारा 2018 को राष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष तथा 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष घोषित करने के निर्णय को दूरदर्शी और समयानुकूल कदम बताया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पोषणविदों, फिटनेस उत्साहियों, विद्यालयी छात्रों और आम नागरिकों ने वॉकाथॉन में भाग लिया। वहीं मेले में संतुलित आहार, सुरक्षित खाद्य विकल्पों और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रदर्शनी और गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# 'ईट राइट को नारा नहीं, जीवनशैली बनाने की अपील

- जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में ईट राइट वाकथान एवं मेले का प्रशासक ने किया उद्घाटन
- मेला में संतुलित और सुरक्षित खाद्य विकल्पों पर रोचक और जानकारीपूर्ण लगाई गई प्रदर्शनी

जागरण संवाददाता, मोहाली : पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित ईट राइट वाकथान एवं मेला का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल और द रेड कार्पेट चेंबर्स की ओर से खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण तथा पंजाब फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मार्गदर्शन और हर्बल लाइफ के सहयोग से आयोजित किया गया।

